www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 160 || अम्बेडकरनगर
मंगलवार
01 सितम्बर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:45
सूर्यास्तः 06:28
अधिकतमः 29°00
न्यूनतमः 26°00



पेज 07 >>

विशेष समाचार
भागवत की अमेरिका यात्रा... >> पेज 04
मां की अस्थियां लेकर जा रहीं... >> पेज 06
फरीदाबाद के कॉलेज में...



**बाढ़ जैसी आपदा में सबसे बड़ी जरूरत प्रभावित परिवारों तक भोजन पहुंचाने की है। योगी सरकार ने इस मोर्चे पर भी व्यापक इंतजाम किए हैं। रविवार की स्थिति के मुताबिक 2,024 बाढ़ राहत खाद्यान्न पैकेट और 10,784 लंच पैकेट वितरित किए गए हैं। अब तक कुल 55,572 खाद्यान्न पैकेट और 3.02 लाख लंच पैकेट प्रभावित लोगों तक पहुंचाए जा चुके हैं।**

### स्वास्थ्य सेवाओं को भी रखा गया सक्रिय

राहत कार्यों के साथ सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को भी प्राथमिकता दी है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में 200 मेडिकल टीमें गठित की गई हैं। इसके अलावा स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए 5,432 क्लोरीन टैबलेट तथा 5,441 ओआरएस पैकेट वितरित किए गए हैं। मेडिकल टीमों की तैनाती और क्लोरीन टैबलेट तथा ओआरएस के वितरण से प्रभावित आबादी को तत्काल स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### भोजन से लेकर सुरक्षित ठिकाने तक का इंतजाम

## सीएम योगी ने दिखाई हरी झंडी, बाढ़ प्रभावितों के लिए योगी सरकार का बड़ा अभियान

# नेपाल के लिए शुरू हुई ट्रेन

**शुभारंभ**

### भोजन से लेकर सुरक्षित ठिकाने तक का इंतजाम

तमसा संकेत, एजेंसी

बहराइच। भारत से नेपाल के बीच ट्रेन संचालन का इंतजार सोमवार को खत्म हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में आयोजित भव्य समारोह में वाराणसी से नेपालगंज रोड के बीच चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर संचालन का शुभारंभ किया। पहले दिन नेपालगंज रुपईडीहा से वाराणसी के लिए नई ट्रेन शुरू हुई। इस दौरान दिल्ली से केन्द्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव भी वर्चुअल जुड़े रहे। अब इस रूट पर चार ट्रेनों का संचालन होगा। इनमें दो ट्रेनें एक्सप्रेस और दो पैसेंजर हैं। यूपी के एक दर्जन स्टेशनों पर इन ट्रेनों का ठहराव होगा। ट्रेन सेवा के शुभारंभ से पड़ोसी देश के साथ संबंधों के और अधिक घनिष्ट होने की उम्मीद है। इस अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेपालगंज रोड से ब्रॉडगेज पर रेल संचालन दशकों के सपने को साकार करने जैसा है। नेपाल हमारे लिए केवल एक राजनीतिक रूप से मित्र राष्ट्र नहीं बल्कि हमारी एक साझी सांस्कृतिक विरासत भी है। सांस्कृतिक विरासत काशी विश्वनाथ, गोरखा से लेकर गोरखपुर, जनकपुर से लेकर अयोध्या तक देखा जा सकता है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### कनेक्टिविटी से बढ़ेगी गति, होगा विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपालगंज को जोड़ने का काम भी हो गया है। ट्रेन संचालित की जा रही है। इन ट्रेनों के संचालन से कनेक्टिविटी तेज होगी। जब कनेक्टिविटी होती है तो वहां के विकास में गति आती है। जब गति अपने सकारात्मक गंतव्य की ओर बढ़ती है तो क्षेत्र में विकास के अनंत संभावनाएं बढ़ जाती है। व्यापार बढ़ जाता है।

### चार ट्रेनों का होगा संचालन

इस रूट पर चार ट्रेनों का संचालन होगा। इसमें दो एक्सप्रेस और दो पैसेंजर ट्रेनें चलेंगी।पहली ट्रेन 14214 डाउन नेपालगंज रोड-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस सुबह 4 बजे नेपालगंज रोड से रवाना होकर दोपहर 1.35 बजे वाराणसी पहुंचेगी। वापसी में 14213 अप वाराणसी से दोपहर 2 बजे चलकर रात 11 बजे नेपालगंज रोड पहुंचेगी।



### दशकों पहले देखा सपना साकार हो रहा

सीएम योगी ने कहा कि दशकों से देखा सपना अब साकार हो रहा है। बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड रेल खंड को ब्रॉडगेज नेटवर्क से जोड़कर दोनों देशों की साझी विरासत को मजबूत किया गया है। आजादी के बाद से रेल की कनेक्टिविटी न के बराबर थी और अगर थी भी तो वह मीटर गेज के रूप में थी। मित्र राष्ट्र नेपाल से भी कनेक्टिविटी नहीं हो पाई। कहीं शताब्दी चली तो कहीं पर कोई और ट्रेन चली। लेकिन यह खंड मीटर गेज के रूप में उन सरकारों के संकीर्ण सोच का प्रतीक बनी रही।

# शर्मनाक : दिल्ली में बस में 16 साल की छात्रा से गैंगरेप

## ग्रेटर नोएडा से बैठाया, बस 47 किलोमीटर दौड़ती रही

**वारदात**


- शीशे पर पर्दे लगे थे, ड्राइवर-कंडक्टर अरेस्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में 16 साल की छात्रा से चलती स्लीपर बस में गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना 4 अगस्त की है, पुलिस ने 31 अगस्त को इसकी जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक पीड़ित ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर बस में बैठी। आरोपियों ने उसे कश्मीरी गेट पर छोड़ा। इस दौरान बस करीब 47 किमी दौड़ती रही। बस के शीशों पर पर्दे लगे थे। पुलिस ने बस ड्राइवर कुलदीप और कंडक्टर संदीप को गिरफ्तार किया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### ग्रेटर नोएडा पर उतर गई थी

भारी बारिश और अंधेरे के कारण छात्रा गलती से परी चौक पर उतर गई थी। फिर यहां से नोएडा जाने के लिए वाहन का इंतजार करने लगी। इसी बीच वहां से एक खाली स्लीपर बस गुजरी। छात्रा ने बस को रुकने का इशारा किया।



**पुलिस के मुताबिक, पीड़ित यूपी के मैनपुरी की रहने वाली है। परिवार में झगड़ा होने पर बिना बताए नोएडा में कजिन के घर के लिए बस से निकली। मैनपुरी से नोएडा की दूरी 300 किमी से ज्यादा है।**

### सोनिया गांधी की किताब नहीं छापेगा पेंगुइन इंडिया

नई दिल्ली। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' प्रकाशित नहीं करने केके फैसले पर फिर सफाई दी है। पब्लिशर ने कहा कि इस फैसले के पीछे कोई बाहरी दबाव नहीं था, बल्कि पर चर्चा के दौरान एक खास मुद्दे पर सहमति नहीं बन सकी। हालांकि पेंगुइन ने उस मुद्दे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। पब्लिशर ने इसके लिए समझौते और लेखक की गोपनीयता का हवाला दिया है।


यह सफाई कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के संस्मरण के भारत में प्रकाशन को लेकर चल रहे विवाद के बीच आई है।

# दिल्ली में 47 लाख नाम एसआईआर ड्राफ्ट से बाहर

## पहली लिस्ट में महाराष्ट्र के 2 करोड़ नाम छूटे

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/मुंबई। चुनाव आयोग ने सोमवार को महाराष्ट्र और दिल्ली में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के तहत पहली ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर दी। दिल्ली में कुल 1 करोड़ 45 लाख मतदाताओं में से 47 लाख 56 हजार 722 नाम इस लिस्ट में शामिल नहीं हैं। वहीं, महाराष्ट्र में करीब 2 करोड़ 7 लाख मतदाताओं के नाम भी फिलहाल प्रारूप सूची से बाहर हैं। ड्राफ्ट सूची में नाम शामिल नहीं होने वालों में अनुपस्थित, स्थायी



रूप से स्थानांतरित, मृत और डुप्लिकेट मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ अन्य मामलों और डिजिटाइजेशन के लिए फॉर्म जमा नहीं होने या तकनीकी कारणों से भी कई मतदाताओं के नाम फिलहाल ड्राफ्ट रोल में नहीं हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### पीएम उम्मीदवारी पर कांग्रेस टीवीके से नाराज

तमिलनाडु। 2029 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर कांग्रेस और तमिलगा वेत्री कझगम के बीच खींचतान बढ़ गई है। TVK नेताओं ने पार्टी प्रमुख और सीएम विजय को राष्ट्रीय राजनीति में आगे बढ़ाने के संकेतों के बीच कांग्रेस ने राहुल गांधी को 2029 में प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने की पैरवी की है।

**जांच | दहशत**

### एअर इंडिया की सऊदी अरब-दिल्ली फ्लाइट में बम की धमकी

अहमदाबाद। सऊदी अरब के दम्माम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट में सोमवार को बम की धमकी मिलने के बाद अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के दौरान क्रू मेंबर को विमान के टॉयलेट में एक टिश्यू पेपर मिला, जिस पर अंग्रेजी में 'बम' लिखा था।

फ्लाइट को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया और करीब शाम 4:30 बजे सुरक्षित उतारा गया। फ्लाइट में 32 यात्री सवार थे। लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित निकालकर टर्मिनल-2 ले जाया गया।

### दिल्ली दंगों के 12 आरोपी बरी हुए

नई दिल्ली। दिल्ली की एडिशनल सेशंस कोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगा मामले में 12 आरोपियों को बरी कर दिया है। इन पर हत्या, दंगा भड़काने और डकैती के आरोप थे। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति के खिलाफ सिर्फ इसलिए आपराधिक जिम्मेदारी तय नहीं की जा सकती, क्योंकि वह भीड़ का हिस्सा था।

# किर्गिस्तान में पुतिन-मोदी की मुलाकात दोनों लीडर गले मिले


## पीएम ने ब्रिक्स के लिए न्योता दिया

**सम्मेलन**

तमसा संकेत, एजेंसी

बिश्केक। पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में SCO शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई। यह बैठक करीब 10 मिनट चली। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगाया। दोनों देशों की द्विपक्षीय बैठक में यूक्रेन युद्ध समेत वैश्विक हालात और भारत-रूस संबंधों पर चर्चा हुई। मोदी ने पुतिन से कहा- दुनिया को कभी न खत्म होने वाले युद्धों से आगे बढ़कर उन्हें खत्म करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। भारत भी शांति की दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है। पुतिन से मुलाकात के दौरान मोदी ने उन्हें सितंबर में होने वाले BRICS शिखर सम्मेलन में शामिल होने का न्योता भी दिया।

>> (शेष पेज 06 पर)



- मोदी ने पुतिन को ब्रिक्स समिट में शामिल होने का न्योता दिया


# 11 की मौत, इनमें 8 बच्चे, डीएम ने गोदाम पर बुलडोजर चलवाया

# प्रयागराज एयरफोर्स स्टेशन के पास पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

**दुर्घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज, कौशांबी। यूपी में सोमवार को प्रयागराज और कौशांबी बॉर्डर पर एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इस हादसे में 8 बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 झुलस गए। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट इतना भीषण था कि पूरी फैक्ट्री जमींदोज हो गई। 100 मीटर के दायरे में बने 8 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इनमें से 3 ढह गए। हादसा दोपहर साढ़े 12 बजे कौशांबी जिले के मोहम्मदपुर गांव में हुआ। यह गांव प्रयागराज बॉर्डर पर है। यहां से मनौरी स्थित एयरफोर्स स्टेशन 2 किमी है। पुलिस, एयरफोर्स, NDRF और SDRF के 200 जवान रेस्क्यू में जुटे हैं। 10 बुलडोजरों से मलबा हटाया जा रहा है। पुलिस को शक है कि मलबे के नीचे कुछ लोग दबे हो सकते हैं। ऐसे में मौत का आंकड़ा और बढ़ सकता है। >> (शेष पेज 06 पर)



**गोदाम में रखे पटाखों को जब्त कर नष्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। मौके पर डीएम-एसपी के अलावा पुलिस और प्रशासन की टीम मौजूद है।**



### डिप्टी सीएम केशव ने घायलों से मुलाकात की

सीएम योगी ने मुआवजे का ऐलान किया। घायलों को 50-50 हजार और मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख दिए जाएंगे। केशव मौर्य ने प्रयागराज के SRN अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि एक ही परिवार के कई लोगों की मौत बेहद दुखद और हृदयविदारक है। सरकार की पहली प्राथमिकता घायलों की जान बचाना है। उनके इलाज में किसी तरह की कमी नहीं होने दी जाएगी। मामले में DM और SSP को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जो भी जिम्मेदार पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



घायलों को चारपाई पर रखकर ही पिकअप में लादकर स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज (SRN) पहुंचाया गया।

- कौशांबी प्रशासन ने फैक्ट्री मालिक आदिल के गोदाम पर जेसीबी चलाकर पटाखों और अन्य सामग्री को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी।

## अभियान : अखिलेश यादव बोले- कल से बूथ स्तर पर शुरू होगा सपा का प्रचार

# विधानसभा चुनाव में नहीं बचा ज्यादा समय

- पीडीए के साथ भेदभाव का लगाया आरोप
- बदायूं और वाराणसी की घटनाओं का किया जिक्र
- एआई से वीडियो बनाने को लेकर भाजपा पर निशाना

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। समाजवादी पार्टी का बूथ स्तर पर प्रचार अभियान मंगलवार से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी जिलाध्यक्ष अगले दो सप्ताह में अपने-अपने जिलों में भाजपा सरकार के कथित भ्रष्टाचार, अन्याय और जनसमस्याओं को जनता के सामने रखेंगे।

सोमवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में जिला एवं महानगर अध्यक्षों तथा एप के माध्यम से बूथ स्तर पर काम कर रहे पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए।

सपा प्रमुख ने भाजपा सरकार पर पीडीए के साथ भेदभाव और अन्याय करने का आरोप लगाया।

>> (शेष पेज 06 पर)





**अखिलेश यादव ने मतदाता सूची के एसआईआर के बाद दोबारा एनुअल रिवीजन कराने की आशंका जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि नियमों के विपरीत काम किया जा रहा है और एसआईआर के तुरंत बाद भी फॉर्म-7 भराए जा रहे हैं।**

### वोटर लिस्ट को लेकर भाजपा पर साजिश का आरोप

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में चुनाव से पहले वोटर लिस्ट को लेकर बड़ा षड्यंत्र किया जा रहा है। भाजपा एनुअल रिवीजन के नाम पर अपने वोट बढ़ाने और अपने समर्थकों को मतदाता सूची में शामिल कराने का प्रयास कर सकती है। उन्होंने दावा किया कि बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से लोगों को लाकर मतदाता सूची में नाम बढ़ाने की कोशिश की जा सकती है।

# सुप्रीम कोर्ट का सीजेपी प्रदर्शन पर रोक लगाने से इनकार

## सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर दर्ज एफआईआर रद्द कराने याचिका लगाई

- सीजेपी का आरोप- सरकार ने चार में से तीन मांगें अभी नहीं मानी

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले छात्रों से जुड़ी एफआईआर रद्द करवाने के लिए याचिका लगाई है। यह जानकारी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दी। उन्होंने बताया कि FIR रद्द कराने के लिए हम अनुच्छेद 142 का सहारा ले रहे हैं।सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर मंगलवार को सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। वह सुप्रीम कोर्ट में वाले कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के मार्च पर रोक लगाने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान पेश हुए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 5 सितंबर को दिल्ली में होने वाले इस मार्च पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मार्च से कोई अप्रिय घटना होगी, ऐसा मानने की कोई ठोस वजह नहीं है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### सीजेपी के मार्च में सुसाइड करने वाले छात्रों के परिजन भी आएंगे

5 सितंबर को मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर नई दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक जाएगा। इसमें उन स्टूडेंट्स के परिजन भी शामिल होंगे, जिन्होंने NEET पेपर लीक के बाद सुसाइड किया था।

24 अगस्त को CJP ने अपनी वर्किंग कमेटी की वर्चुअल मीटिंग के बाद यह फैसला लिया था। पार्टी ने कहा कि सरकार ने कहा था कि छात्रों पर दर्ज केस खत्म होंगे, पर ऐसा नहीं हुआ। उन्हें हमारे धैर्य को कमजोरी नहीं समझना चाहिए।

## 20 राउंड गोलीबारी, हरियाणा भाग रहे थे, अंकित के पिता बोले- आधा इंसाफ मिला, आधा बाकी

# सिंगर हत्याकांड के 2 शूटर एनकाउंटर में ढेर

कार्रवाई

**तमसा संकेत, एजेंसी**




शामली। हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान हत्याकांड के 2 शूटरों को यूपी पुलिस ने सोमवार सुबह मुठभेड़ में मार गिराया। शामली एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों शूटर बाइक से शामली से सोनीपत (हरियाणा) की तरफ भाग रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को घेर लिया। पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस को भी फायरिंग करनी पड़ी। दोनों तरफ से करीब 20 राउंड गोलियां चलीं। इसमें बदमाश सुमित (24) और मोहित (22) को गोली लग गई। पुलिस दोनों को जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दोनों सोनीपत के रहने वाले थे और उन पर 50-50 हजार रुपए का इनाम था। सुमित पर एक और मोहित पर 15 मुकदमे दर्ज थे। दोनों ने अपने 2 साथियों के साथ सिंगर की हत्या की थी। वहीं 2 आरोपी सत्यम और आर्यन अब भी फरार हैं। 26 अगस्त की शाम 32 साल के सिंगर अंकित बालियान शामली में जिम करके निकले थे। तभी हमलावरों ने उन्हें घेरकर 18 राउंड फायरिंग की थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अंकित को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

### अंकित के पिता बोले- अभी आधा इंसाफ, बाकी दोनों को भी मारें

अंकित के पिता सतबीर ने कहा, 'अभी आधा इंसाफ मिला। अब उम्मीद है कि पूरा इंसाफ मिल जाएगा। पहले उम्मीद धीरे-धीरे डगमगाने लगी थी। बाकी बचे दोनों आरोपियों को और मारो, तभी हमें तसल्ली होगी। अब पुलिस और योगीजी पर हमारा विश्वास बढ़ गया है। 5-6 दिन हो गए थे। आज कार्रवाई नहीं होती तो विश्वास टूट जाता। आधा इंसाफ अभी बाकी है।'






### डीजीपी बोले- यूपी के बाहर बैठकर साजिश रचने वाले भी हमारी पहुंच से दूर नहीं

DGP राजीव कृष्ण ने कहा कि मामले में पुलिस की कार्रवाई अभी खत्म नहीं हुई है। साजिश में शामिल हर व्यक्ति की भूमिका सामने लाई जाएगी और उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से बाहर बैठकर अपराध की साजिश रचने वाले यह न समझें कि वे पुलिस की पहुंच से दूर हैं। बाहर से शूटर्स भेजने और गैंगवार या अपराध कराने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे मामले में हरियाणा और दिल्ली पुलिस ने भी यूपी पुलिस का सहयोग किया। इसी तालमेल की वजह से कम समय में मामले की जांच आगे बढ़ सकी।

**डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि पुलिस का मकसद सिर्फ शूटर्स को पकड़ना नहीं है। हत्या की साजिश रचने वाले, हथियार और दूसरी मदद देने वाले, रेकी कराने वाले और आरोपियों को छिपने में मदद करने वाले सभी लोगों की पहचान की जाएगी। सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस कार्रवाई के लिए शामली पुलिस और एसटीएफ को 2 लाख रुपए का इनाम दिया गया है।**

# इटावा सफारी में शेरनी 'राधिका' की हुई मौत

### 'नीरजा' ने पूंछ चबा ली थी, 52 दिन से इलाज चल रहा था

**तमसा संकेत, एजेंसी**

इटावा। इटावा लॉयन सफारी पार्क में अब शेरनी राधिका की दहाड़ सुनाई नहीं देगी। 10 वर्षीय एशियाई शेरनी राधिका की सोमवार सुबह करीब 4 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। वह पिछले 52 दिनों से जिंदगी और मौत से जूझ रही थी।

9 जुलाई 2026 को ब्रीडिंग सेंटर के नाइट सेल में राधिका पर दूसरी शेरनी नीरजा ने हमला कर दिया था। नीरजा ने राधिका की पूंछ को दांतों से बुरी तरह चबा दिया था। हमले में उसकी पूंछ गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

घाव गंभीर होने और संक्रमण का खतरा बढ़ने पर मथुरा पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों से सलाह ली गई। इसके बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर राधिका की क्षतिग्रस्त पूंछ को काटकर अलग कर दिया था। ऑपरेशन के बाद भी




राधिका की हालत में सुधार नहीं हुआ। उसका लगातार वजन कम हो रहा था। डॉक्टर उसकी हालत पर नजर रख रहे थे और लगातार इलाज चल रहा था। सफारी के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. भुआ के मुताबिक, राधिका की पिछले 52 दिनों से लगातार निगरानी की जा रही थी। उसका इलाज भी चल रहा था। पिछले कुछ दिनों में उसकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी थी। करीब 5 दिन पहले उसने खाना पूरी तरह छोड़ दिया था। वह सिर्फ पानी और चिकेन सूप भी बेहद कम मात्रा में ले रही थी।

# नेपाल में आई आकस्मिक बाढ़ के पीड़ितों को दी गई श्रद्धांजलि

### मुख्यमंत्री और रेल मंत्री ने सादगीपूर्ण कार्यक्रम में नेपालगंज रोड-नानपारा-बहराइच ब्रॉड गेज रेल खंड का शुभारंभ किया

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, डुमरियागंज से सांसद श्री जगदंबिका पाल, बहराइच से सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ नेपालगंज रोड-नानपारा-बहराइच रेल खंड के आमान परिवर्तन और विद्युतीकरण कार्य का उद्घाटन किया। 56.15 किलोमीटर लंबे इस रेल खंड को लगभग 730 करोड़ रुपये की लागत से ब्रॉड गेज में परिवर्तित कर विद्युतीकृत किया गया है। चार मौजूदा ट्रेन सेवाओं का विस्तार भी नेपालगंज रोड तक किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत नेपाल में हाल ही में आई बाढ़ के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी।



पड़ोसी देश नेपाल की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंध हैं। उन्होंने नेपाल में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि भारत सरकार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। श्री वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने प्रभावित क्षेत्रों से बचाए गए और भारत पहुंच रहे यात्रियों के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। रेलवे ने उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए विशेष कोच और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की है।

### नेपालगंज रोड-नानपारा-बहराइच रेल खंड अब ब्रॉड गेज रेलवे नेटवर्क का हिस्सा

नेपालगंज रोड-नानपारा-बहराइच मीटर गेज रेल खंड का निर्माण मूल रूप से वर्ष 1886 में किया गया था। आमान परिवर्तन और विद्युतीकरण का कार्य पूरा होने के बाद यह रेल खंड अब ब्रॉड गेज रेलवे नेटवर्क का अभिन्न हिस्सा बन गया है। इससे बहराइच, रिसिया, मटेरा, नानपारा, बाबागंज और नेपालगंज रोड स्टेशनों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी प्राप्त होगी।

## 3 घंटे पत्थर पर बैठे रहे, रस्सी फेंककर बचाया, चित्रकूट में 2 दिन स्कूल बंद

# यूपी में वाटरफॉल में अचानक बढ़ा पानी, तीन पर्यटक फंसे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज। यूपी में लगातार हो रही मानसूनी बारिश से नदियां उफान पर हैं। चंदौली में चंद्रप्रभा नदी में अचानक आई बाढ़ से राजदारी-देवदारी वाटरफॉल में जलस्तर बढ़ गया। तेज बहाव में 3 पर्यटक फंस गए। तीनों एक ऊंचे पत्थर पर चढ़ गए। 3 घंटे तक मदद की गुहार लगाते रहे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने रस्सी की मदद से तीनों को सुरक्षित बाहर निकाला। उधर, चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। रामघाट पर रात करीब 10:40 बजे पानी सीढ़ियों तक पहुंच गया। हालांकि, नदी अभी



चित्रकूट में वाटरफॉल के तेज बहाव में फंसे 3 पर्यटकों को पुलिस और वन विभाग की टीम ने बचाया।

खतरे के निशान से नीचे बह रही है। इससे पहले दो दिनों तक तबाही मचाने के बाद जब जलस्तर घटा, तब घर, दुकानें और सड़कें कीचड़ और मलबे से पट गईं। गलियों में कीचड़ ही कीचड़ नजर आया। इधर, सोमवार सुबह से लखनऊ, वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद 15 जिलों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है।

**हालात को देखते हुए प्रशासन ने स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। कक्षा 8 तक स्कूलों में दो दिनों की छुट्टी घोषित कर दी है। नदी के किनारों के करीब रहने वाले लोगों और श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे नदी के पास न जाएं।**

### वाराणसी के रिजर्व पुलिस लाइन में पानी भरा

वाराणसी के रिजर्व पुलिस लाइन ब्लॉक नंबर 37 और 38 पूरा जलमग्न हो गया है। पानी भरने से जहा बच्चों का स्कूल आना जाना नहीं हो पा रहा है। वहीं कालोनी में रह रहे पुलिसकर्मियों को भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।



चित्रकूट में रामघाट पर बना पुल टूटकर मंदाकिनी नदी में गिर गया है।

### प्रतापगढ़ में बारिश, पंचायत में पानी भरा, सड़क से घरों तक जलभराव

प्रतापगढ़ के आदर्श नगर पंचायत लालगंज में बारिश के बाद जल निकासी व्यवस्था की बदहाली सामने आई है। नगर के कई वार्डों में सड़कों से लेकर लोगों के घरों तक पानी भर गया है। प्राथमिक विद्यालय, मंदिर, आदर्श तहसील और प्रमुख रास्ते भी जलभराव से प्रभावित हैं। लालगंज कोतवाली, मॉडल प्राथमिक विद्यालय, पीडब्ल्यूडी डाक बंगला, हरिहर मंदिर, आदर्श तहसील, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और विद्युत उपकेंद्र समेत नगर के कई हिस्सों में जलभराव बना हुआ है।

### वाराणसी में वार्निंग लेवल के करीब पहुंचा गंगा का जलस्तर

वाराणसी। काशी में गंगा का जलस्तर लगातार तेजी से बढ़ने के कारण बाढ़ का संकट गहराता जा रहा है। सोमवार शाम 4 बजे गंगा का जलस्तर 70.07 मीटर दर्ज किया गया, जो इस वर्ष का अब तक का उच्चतम स्तर है। जलस्तर बढ़ने के साथ ही गंगा के तटवर्ती निचले इलाकों में पानी तेजी से फैल रहा है।

दूसरी ओर गंगा के बढ़े जलस्तर का असर वरुणा नदी पर भी दिखाई देने लगा है। वरुणा के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ का पानी आबादी के साथ खेतों और सब्जियों की फसलों को भी डुबोने लगा है। सोमवार सुबह से वाराणसी में आसमान में बादल छाए रहे और रुक-रुककर बारिश होती रही। सुबह का तापमान करीब 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लगातार बारिश और गंगा के जलस्तर में तेज बढ़ाव से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की चिंता बढ़ गई है। केंद्रीय जल आयोग और आपदा विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे तक गंगा के जलस्तर में वृद्धि जारी रहने की संभावना है।

## माला पहनाते ही गिरा मंच, 3 लोगों को मामूली चोट, 150 गाड़ियों के काफिले में पहुंचे थे

# बाराबंकी में मंच टूटा राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी गिरे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी। बाराबंकी में सोमवार को स्वागत समारोह का मंच टूट गया। इसमें भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी, MLC अंगद सिंह और कार्यकर्ता नीचे गिर गए। यहां राष्ट्रीय महामंत्री के लिए कार्यक्रम रखा गया था। घटना दोपहर करीब 12:25 बजे हुई। जिले में 12 जगह हरीश द्विवेदी का स्वागत होना था। 4 जगह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वो लखनऊ-अयोध्या मार्ग में चौपला पर रुके। यहां स्वागत के लिए मंच तैयार किया गया था। हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ थी। मंच पर जैसे ही हरीश द्विवेदी पहुंचे और उन्हें माला पहनाई गई तो भीड़ बढ़ गई और मंच भरभराकर गिर गया। इसमें 3 कार्यकर्ताओं को मामूली चोट आई है।हादसे में तीन कार्यकर्ताओं को मामूली चोटें आईं। हालांकि, राहत की बात यह रही कि राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वे सुरक्षित रहे। इसके बाद तुंरत ही वह अपनी गाड़ी पर बैठे और आगे के लिए निकल गए।

वहीं MLC अंगद सिंह ने बताया कि हमें भाजपा सरकार लानी है।



### स्वागत करने वालों में मची होड़

बाराबंकी में 4 जगह स्वागत होने के बाद वह चौपला पर रुके। यहां भी मंच तैयार किया गया था। स्वागत के लिए MLC अंगद सिंह, ब्लॉक प्रमुख रामनगर संजय तिवारी, केपी तिवारी समेत हजारों कार्यकर्ता फूल-माला लेकर खड़े थे। जैसे ही काफिला चौपला पहुंचा स्वागत करने वालों में धक्का-मुक्की मच गई।

**17 अगस्त को राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किए जाने के बाद हरीश द्विवेदी का जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है। आज उनका बाराबंकी-अयोध्या होते हुए आजमगढ़ तक कई जगह स्वागत होना था। 150 गाड़ियों के काफिले के साथ वो लखनऊ से निकले।**



मंच पर गिरने के तुरंत बाद हरीश द्विवेदी अपनी गाड़ी की तरफ जाने लगे।

### फोटो खिंचवाने के लिए बढ़ी भीड़

किसी तरह से हरीश द्विवेदी को मंच पर पहुंचाया गया। यहां ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने जैसे ही बड़ा वाला माला पहनाया फोटो खिंचवाने के लिए कार्यकर्ता मंच पर चढ़ने लगे। अचानक इतनी भीड़ हुई कि मंच भरभराकर गिर गया। मंच टूटने से मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

# प्रतापगढ़ में बारिश के दौरान कच्ची दीवार ढही

### एक परिवार के 4 लोग मलबे में दबे 7 साल की बच्ची गंभीर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ के देहात कोतवाली क्षेत्र में सोमवार रात बारिश के दौरान जर्जर कच्ची दीवार गिरने से एक ही परिवार के चार लोग मलबे में दबकर घायल हो गए। हादसे में 7 वर्षीय बच्ची देवांशी की हालत गंभीर है। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की सूचना समय पर प्रशासन को नहीं देने और लापरवाही के आरोप में क्षेत्रीय लेखपाल को निलंबित कर दिया गया।

सराय बहेलिया गांव के हनुमान का पुरवा निवासी रामबाबू (45) पत्नी कुसुम और बच्चों देवांशी (7) व दिव्यांशु (5) के साथ घर में सो रहे थे। सोमवार रात करीब 3 बजे घर के पीछे स्थित रामभूलन की कच्ची मिट्टी की दीवार बारिश के



कारण अचानक ढह गई। दीवार गिरने से रामबाबू के पक्के मकान की पिछली बाउंड्री भी चपेट में आकर गिर गई। मलबे में रामबाबू, उनकी पत्नी और दोनों बच्चे दब गए। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने रात में ही मलबा हटाकर चारों को बाहर निकाला और इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। देवांशी की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया। परिवार के अन्य सदस्यों का उपचार जिला अस्पताल में कराया गया।

## प्रशंसा : 100 फीट ऊंची टंकी पर दिखाई दिलेरी, छात्रा की बचाई जान

# किशोरी को बचाने वाली दरोगा सम्मानित

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर। गोरखपुर में 100 फीट ऊंची टंकी पर चढ़कर 9वीं की छात्रा की जान बचाने वाली दरोगा जागृति खरवार को एसएसपी ने सोमवार को सम्मानित किया। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ और एसपी सिटी निमिष पाटील ने पुलिस ऑफिस में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

महिला दरोगा 100 फीट ऊंची पानी टंकी से कूदी छात्रा का 20 मिनट तक हवा में हाथ पकड़े रखा था। जिससे उसकी जान बची। जागृति खरवार एम्स में तैनात हैं।

गोरखपुर में 15 साल की लड़की रविवार दोपहर जान देने के लिए 100 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गई थी। करीब 3 घंटे तक वह पैर लटकाकर टंकी पर बैठी रही। यह देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने लड़की को काफी



देर तक समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुई। इस पर महिला दरोगा जागृति खरवार ने जोखिम उठाकर टंकी पर पहुंचीं और उसे पीछे से पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद लड़की ने टंकी से छलांग लगा दी, लेकिन महिला दरोगा ने उसका हाथ और कपड़ा मजबूती से पकड़ लिया। करीब 20 मिनट तक वह हवा में लटके रही, जिसके बाद अन्य पुलिसकर्मियों ने लड़की को सुरक्षित ऊपर खींच लिया। घटना दोपहर 1:30 बजे महादेव झारखंडी कॉलोनी की है। मां ने बेटी को बॉयफ्रेंड से बात करने से मना किया था। इस बात पर लड़की नाराज थी। मां की डांट से नाराज लड़की ने 100 फीट ऊंची टंकी से छलांग लगाई, तभी महिला दरोगा ने हाथ पकड़ लिया।

एम्स चौकी में तैनात महिला दरोगा जागृति खरवार ने लड़की को सुरक्षित उतारने की जिम्मेदारी संभाली। वह उससे बातचीत करते हुए टंकी पर पहुंचीं। किसी तरह उसे विश्वास में लिया। मौका मिलते ही उन्होंने लड़की को पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद लड़की ने नीचे की ओर छलांग लगा दी। महिला दरोगा ने उसका हाथ और मजबूती से पकड़ लिया, जिससे लड़की नीचे नहीं गिर सकी।

### 9वीं क्लास की छात्रा, 3 घंटे पुलिसवाले समझाते रहे

आवास विकास शिवपुर की रहने वाली 15 साल की लड़की 9वीं कक्षा में पढ़ती है। परिजनों के मुताबिक, वह अपने बॉयफ्रेंड से बातचीत करती थी। रविवार को मां ने लड़के से बातचीत करने के लिए मना किया।

मां की डांट से वह नाराज हो गई। दोपहर करीब 1:30 बजे वह घर से 500 मीटर दूर महादेव झारखंडी कॉलोनी स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गई। स्थानीय लोगों ने उसे टंकी से पैर लटकाकर बैठे देखा तो नीचे उतरने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं मानी।

धीरे-धीरे वहां भीड़ इकठ्ठा हो गई। सूचना मिलने के बाद एम्स पुलिस मौके पर पहुंची। करीब 3 घंटे तक पुलिसकर्मी और परिजन उसे समझाते रहे, लेकिन वह नीचे नहीं उतरी।



महिला दरोगा और अन्य पुलिसर्मी ने लड़की को पकड़कर ऊपर खींचा।

### गोरखपुर में दो दिन से आर्किटेक्ट लापता

गोरखपुर। गोरखपुर के शाहपुर इलाके से 29 अगस्त को एक आर्किटेक्ट लापता हो गया। परिजनों ने बताया कि वह घर से गुलाबी टीशर्ट, फार्मल पैंट और हवाई चप्पल में निकले थे। बाइक और मोबाइल भी घर छोड़ दिए। जाते समय अपने 14 साल के बेटे से बोले थे कि अभी थोड़ी देर में वापस आ रहा हूं। इसके बाद दो दिन बीत जाने के बाद भी वह घर वापस नहीं आए।

आर्किटेक्ट सुनील शर्मा (40) के पिता ज्ञानेंद्र शर्मा ने शाहपुर थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर 30 अगस्त को शाहपुर थाने की पुलिस मुकदमा दर्ज कर लापता आर्किटेक्ट की तलाश में जुट गई है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोबाइल न होने की वजह से आर्किटेक्ट की लोकेशन ढूंढने में पुलिस को चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

शाहपुर के कृष्णा नगर प्राइवेट कालोनी निवासी ज्ञानेंद्र शर्मा धर्मशाला पर एक रिपेयरिंग की दुकान चलाते हैं। उनके चार बेटे हैं।

# प्रयागराज में कर्णावती नदी में 5 बच्चियां डूबीं

### 3 को बचाया गया, 2 लापता, तलाश जारी



**तमसा संकेत, एजेंसी**

मेजा। प्रयागराज के मांडा थाना क्षेत्र में रविवार को कर्णावती नदी में नहाते समय पांच नाबालिग बच्चियां डूब गईं। स्थानीय लोगों ने तीन बच्चियों को सुरक्षित बचा लिया, जबकि दो बच्चियां तेज बहाव में लापता हो गईं। दोपहर 2 बजे तक उनका कोई सुराग नहीं मिल सका था। यह घटना रविवार सुबह करीब 11 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, मांडा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के सामने सुरवांदलापुर के पूरा मुहल्ला की दर्जनों नाबालिग बच्चियां कजरी त्योहार पर जरई और गुड़िया विसर्जित करने के लिए कर्णावती नदी गई थीं। नहाते समय 15 वर्षीय अंकिता तिवारी पुत्री राजेश तिवारी और 12 वर्षीय शुभी मिश्रा पुत्री शैलेंद्र मिश्रा नदी के तेज बहाव में बह गईं। चीख-पुकार सुनकर खेत में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने राबी पुत्री रविंद्र मिश्रा, अर्चिता तिवारी पुत्री राजेश तिवारी और श्वेता तिवारी पुत्री नागेश तिवारी को बचा लिया।

## तहसील मुख्यालय पर धरना देकर उठाए महंगाई, खाद संकट और किसानों के मुद्दे

# आलापुर में गरजी सपा

**नारेबाजी**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जनसमस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी की आलापुर विधानसभा इकाई ने सोमवार को तहसील मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटे पार्टी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई। धरने के बाद आलापुर विधायक और सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त ने उपजिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह के माध्यम से राज्यपाल के नाम दस सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए त्रिभुवन दत्त ने महंगाई, भ्रष्टाचार और किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना



साधा। उन्होंने कहा कि चीनी के साथ डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी से आम जनमानस परेशान है।

उन्होंने किसानों के सामने खाद संकट का मुद्दा भी उठाया। विधायक ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार में महंगाई और भ्रष्टाचार से लोगों को परेशानी हो रही है।

विधायक ने कहा कि भाजपा के सत्ता से हटने के बाद ही संकट खत्म होगा। धरने के दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी भी की। जिला सचिव रामचंद्र वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष राजबहादुर यादव, विनोद निषाद, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव सोनू, नायबे आलम, प्रेम सागर प्रजापति, कृष्ण कुमार पांडेय, संजय शर्मा, मनोज जायसवाल, गंगा शंकर साहू, योगेंद्र यादव, अजय पांडेय, रणजीत यादव, आशाराम त्यागी और बच्चूलाल सोनकर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरने में सपा नेताओं ने क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान की मांग दोहराई। ज्ञापन सौंपने के साथ ही एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन समाप्त हुआ।

### दस सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

धरना समाप्त होने से पहले विधायक त्रिभुवन दत्त ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम दस सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निस्तारण की मांग की गई।

ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान विद्युत विभाग समेत कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधीक्षण अभियंता अंबेडकरनगर रजनीश श्रीवास्तव और अधिशासी अभियंता आलापुर अवधेश कुमार यादव भी धरना स्थल पर उपस्थित रहे।

### पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की जुटी भीड़

कार्यक्रम का संचालन विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र यादव ने किया। धरने में प्रदेश सचिव योगेंद्र नाथ त्रिपाठी, शमशाद फारुकी, जिला उपाध्यक्ष रामप्यारे निषाद, जिला पंचायत सदस्य अजीत यादव, महिला सभा जिलाध्यक्ष सीमा यादव, विद्या सिंह भारती, रमा देवी, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद दत्त और युवा नेता अधिवक्ता राहुल दत्त यशवर्धन समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए।

## 190 गुम मोबाइल बरामद, 38 लाख की कीमत के फोन मालिकों तक पहुंचाए

### सर्विलांस सेल का बड़ा अभियान, सीईआईआर के तकनीकी डेटा से अलग-अलग क्षेत्रों में ट्रेस किए गए मोबाइल

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए गए अभियान में अम्बेडकरनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सर्विलांस सेल ने सोमवार को 190 मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 38 लाख रुपये है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए। पुलिस ने गुम मोबाइलों की जानकारी जुटाने के लिए CEIR (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल और जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का इस्तेमाल किया। पोर्टल से मिले तकनीकी डेटा का विश्लेषण किया गया। इसके आधार पर अलग-अलग क्षेत्रों में इस्तेमाल हो रहे गुम मोबाइलों को ट्रेस किया गया। इसके बाद टीम ने 190 मोबाइल बरामद किए।

बरामद मोबाइलों की पहचान और



आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें संबंधित मालिकों को सौंप दिया गया। मोबाइल वापस मिलने पर मालिकों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की और टीम का आभार जताया। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि मोबाइल फोन गुम या चोरी होने पर लोग तत्काल नजदीकी थाने में सूचना दर्ज कराएं। इसके साथ ही IMEI नंबर के जरिए CEIR पोर्टल पर मोबाइल को ब्लॉक और ट्रेस कराने के लिए पंजीकरण कराएं। पुलिस ने लोगों से बिना वैध बिल के किसी अज्ञात व्यक्ति से पुराना मोबाइल खरीदने से बचने की भी अपील की है।

**पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में मोबाइल रिकवरी सेल ने यह कार्रवाई की। अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी (सर्विलांस) अरुण कुमार नौहवार के पर्यवेक्षण में टीम ने मोबाइलों की तलाश शुरू की।**

**फास्ट न्यूज**

### पीस पार्टी ने जैद मलिक को बनाया टांडा विधानसभा का सोशल मीडिया प्रभारी

अंबेडकरनगर। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पीस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष अफजाल अंसारी ने टांडा विधानसभा क्षेत्र के मुबारकपुर निवासी युवा नेता जैद मलिक को टांडा विधानसभा का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है।

### पुलिसकर्मियों ने सीखा आग पर काबू पाने का तरीका

अंबेडकरनगर। अग्निकांड जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए सोमवार को जलालपुर कोतवाली परिसर में पुलिसकर्मियों को अग्निशमन और बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। फायर स्टेशन जलालपुर की टीम ने आग लगने की स्थिति में तत्काल उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दी। साथ ही अग्निशमन उपकरणों के सुरक्षित इस्तेमाल का व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया। प्रशिक्षण का नेतृत्व फायर स्टेशन जलालपुर प्रभारी रामाश्रय यादव ने किया। इसमें कोतवाली के उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल शामिल हुए।

### सड़क पर गिरा विशालकाय पीपल का पेड़

अंबेडकरनगर। अकबरपुर क्षेत्र के बनगांव डिहवा गांव के पास सोमवार को अकबरपुर से बरवा अमसीन की ओर जाने वाले मार्ग पर विशालकाय पीपल का पेड़ अचानक गिर गया। पेड़ के सड़क पर गिरने से मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। इससे राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## दो बार तबादला, फिर भी नहीं छूटी पुरानी कुर्सी !

### न पुराने कार्यस्थल से रिलीव न नई जगह ज्वाइन

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। विद्युत वितरण खंड अकबरपुर में स्थानांतरण व्यवस्था को लेकर TG-2 अमरजीत वर्मा की तैनाती चर्चा में है। बताया जा रहा है कि उनका दो बार स्थानांतरण हुआ, लेकिन इसके बावजूद पुरानी तैनाती वाली जगह से उन्हें रिलीव नहीं किया गया। वहीं, नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने की स्थिति भी स्पष्ट नहीं है।

विभागीय स्तर पर स्थानांतरण आदेश जारी होने के बावजूद कर्मचारी की वास्तविक तैनाती को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं। यदि स्थानांतरण आदेश प्रभावी है तो उसे लागू कराने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की है। मामले में यह भी स्पष्ट नहीं है कि अमरजीत वर्मा को पुरानी तैनाती से रिलीव क्यों नहीं किया



**अकबरपुर विद्युत वितरण खंड में टीजी-2 अमरजीत वर्मा की तैनाती बनी सवाल**

गया और नई तैनाती पर उन्होंने अब तक कार्यभार क्यों नहीं संभाला।

मामले का अहम पहलू यह है कि पुरानी तैनाती से रिलीव नहीं होने और नई जगह ज्वाइन नहीं करने की स्थिति में विभागीय अभिलेखों में उनकी कार्यस्थिति क्या दर्ज है।

## सवर्ण आयोग के गठन समेत कई मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना

### धरना समाप्त होने के बाद जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**डॉ. आंबेडकर प्रतिमा परिसर में प्रदर्शन**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। विभिन्न मांगों को लेकर सवर्ण समाज के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के पास स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से सवर्ण समाज की लंबित मांगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। धरना समाप्त होने के बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

धरने के दौरान सवर्ण आयोग का तत्काल गठन करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने देश में लागू आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करने की मांग



भी रखी। इसके अलावा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) कानून के कथित दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगाने और एससी-एसटी आयोग को भंग करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) कानून को समाप्त करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की। उनका कहना था कि इन मुद्दों को लेकर सवर्ण समाज लंबे समय से अपनी मांगें उठा रहा है। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकार को सवर्ण समाज की मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबित मांगों का समय रहते समाधान किया जाना चाहिए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि यदि मांगों का समाधान नहीं किया गया तो 2027 के विधानसभा चुनाव में सरकार को इसका राजनीतिक खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

धरना समाप्त होने के बाद प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें सवर्ण आयोग के गठन समेत सभी प्रमुख मांगों का उल्लेख किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने मांगों पर प्रभावी कार्रवाई की अपील की।

## आरबी पाल की पुण्यतिथि पर 125 जरूरतमंद परिवारों को बांटा सूखा राशन

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जन शिक्षण केंद्र के संस्थापक स्वर्गीय आर.बी. पाल की पुण्यतिथि पर उनके परिवार और संस्था परिवार की ओर से सेवा कार्य आयोजित किया गया। इस दौरान अतिवंचित समुदाय के 125 बच्चों के परिवारों को सूखा राशन वितरित किया गया। बच्चों को ड्रेस भी दी गई। कार्यक्रम में स्वर्गीय आर.बी. पाल के परिवार के सदस्यों ने आगे बढ़कर जरूरतमंद परिवारों को सामग्री वितरित की। उनकी बड़ी बेटी पुष्पा पाल ने परिवारों को सूखा राशन दिया। वहीं छोटे भाई ध्रुव पाल ने बच्चों और परिवारों को आवश्यक सामग्री वितरित की।

आयोजकों के अनुसार आर.बी. पाल समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों के साथ खड़े रहने को सामाजिक जिम्मेदारी मानते थे। उन्होंने बाल अधिकारों और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी काम किया। कार्यक्रम में उनकी बड़ी बेटी ने कहा कि आर.बी. पाल ने जिस

**जन शिक्षण केंद्र परिवार ने अतिवंचित समुदाय के बच्चों को ड्रेस भी वितरित की, सेवा कार्य के जरिए दी श्रद्धांजलि**

सोच और संस्कार के साथ समाज के लिए काम किया, उसे आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने बाल अधिकार, महिला सशक्तिकरण और अतिवंचित वर्गों के अधिकारों के लिए काम जारी रखने की बात कही। जन शिक्षण केंद्र के संस्थापक साथी राधेश्याम और रामकेवल हरिराम ने आर.बी. पाल के साथ बिताए अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि आर.बी. पाल ने गरीब और वंचित लोगों को केंद्र में रखकर काम करने की प्रेरणा दी।

# पोस्टर-बैनर में गूंजा संदेश

### नेत्रदान से किसी की जिंदगी में लौट सकती है रोशनी

**नेत्रदान पखवाड़े में मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान, मरीजों और तीमारदारों को दी प्रक्रिया की जानकारी**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। नेत्रदान पखवाड़े के तहत सोमवार को महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग में बैनर एवं पोस्टर प्रतियोगिता के साथ नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागीय परिसर में हुए कार्यक्रम में मेडिकल और नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। पोस्टर और बैनर के माध्यम से नेत्रदान के महत्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान नेत्र विभाग में उपचार और परामर्श के लिए पहुंचे मरीजों तथा उनके तीमारदारों को नेत्रदान के बारे में जानकारी दी



### चिकित्सकों और विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम में डॉ. साजन देव केसरी, डॉ. सृष्टि नागराजन, डॉ. दीपक वर्मा, डॉ. नीलम और डॉ. आनंद समेत वरिष्ठ एवं कनिष्ठ रेजिडेंट, इंटर्न, मेडिकल और नर्सिंग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। नर्सिंग व्याख्याता गार्गी के साथ नेत्र विभाग के कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

गई। उन्हें नेत्रदान की प्रक्रिया और मृत्यु के बाद नेत्रदान से दृष्टिहीन लोगों को मिलने वाले संभावित लाभ के बारे में बताया गया।

लोगों को मरणोपरांत नेत्रदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से नेत्रदान से जुड़े भ्रम दूर करने और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

वक्ताओं ने नेत्रदान को महत्वपूर्ण सामाजिक योगदान बताया। उन्होंने कहा कि नेत्रदान के जरिए दृष्टिहीन व्यक्ति को दृष्टि मिलने की संभावना बनती है। इसके लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाना जरूरी है।

### विद्यार्थियों ने पोस्टर में बताया नेत्रदान का महत्व

कार्यक्रम का आयोजन नेत्र विभागाध्यक्ष एवं आचार्य डॉ. अमित कुमार पटेल के नेतृत्व में हुआ। प्रतियोगिता में नर्सिंग के साथ एमबीबीएस विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर और बैनर तैयार कर नेत्रदान के सामाजिक महत्व को सामने रखा। पोस्टरों के जरिए लोगों को नेत्रदान के लिए जागरूक करने और मरणोपरांत नेत्रदान के महत्व की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने रचनात्मक तरीके से नेत्रदान का संदेश प्रस्तुत किया।

## श्रीअन्न की खेती से सेहत किसानों की आय को नई धार देने पर जोर

### मिलेट्स की खेती से लेकर आधुनिक कृषि तकनीक तक की दी गई जानकारी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। मोटे अनाज यानी श्रीअन्न को खेती और खानपान से जोड़ने के लिए सोमवार को लोहिया भवन में किसान मेला एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार योजना और आत्मा योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में किसानों को मिलेट्स की खेती, प्रसंस्करण, उपयोग और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने की। जिला पंचायत के प्रशासक एवं पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर वर्मा मुख्य अतिथि रहे।

उप कृषि निदेशक डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए



दैनिक भोजन में श्रीअन्न को शामिल करने के फायदे बताए। ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो और रागी जैसी फसलों के महत्व पर भी चर्चा हुई।

जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने जिले में उपलब्ध कृषि निवेश की जानकारी दी। उन्होंने रबी सीजन के लिए सरसों, चना, मटर और मसूर के मिनीकिट तथा रबी बीजों की बुकिंग कराने के संबंध में किसानों को जानकारी दी।

महामाया कृषि एवं अभियंत्रण महाविद्यालय, अकबरपुर के डीन डॉ. एनपी शाही ने आधुनिक कृषि यंत्रों के इस्तेमाल से खेती की लागत कम करने के तरीके बताए। जिला उद्यान अधिकारी ने ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई के जरिए पानी के बेहतर उपयोग की जानकारी दी।

उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एके पाठक ने पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने वर्षा ऋतु में पशुओं के टीकाकरण पर जोर दिया। नाबार्ड के डीडीएम डॉ. कमलेश कुमार यादव ने केसीसी धारकों को फसल बीमा और कृषि ऋण से जुड़ी जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रामजीत ने मिलेट्स फसलों की खेती की तकनीकी जानकारी दी। प्रगतिशील किसान संतोष सिंह ने सीप और मोती की खेती के बारे में बताया।

## निषाद वंश की उपजातियों को एससी सूची में शामिल करने की मांग

### निषाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने आलापुर तहसील में सौंपा ज्ञापन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को आलापुर तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, गृह सचिव और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को संबोधित था। इसमें निषाद वंश की विभिन्न उपजातियों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल करने समेत कई मांगें उठाई गईं।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि जातिगत जनगणना में मझवार, तुरैहा समेत निषाद वंश की पर्यायवाची जातियों को दर्ज किया जाए। उनका कहना है कि इससे समाज की वास्तविक संख्या सामने आ सकेगी।

ज्ञापन में उत्तर प्रदेश में निषाद वंश की सभी पर्यायवाची जातियों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल करने की मांग की गई। इसके साथ ही नौकरी और राजनीति में आरक्षण



तथा पेंशन जैसी सुविधाएं देने की मांग भी रखी गई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि अंग्रेजी शासन के दौरान क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के तहत कई समुदायों को जन्मजात अपराधी घोषित किया गया था। भारत सरकार ने 31 अगस्त 1952 को इस कानून को समाप्त कर इन समुदायों को विमुक्त जाति घोषित किया था। इसी कारण 31 अगस्त को विमुक्त दिवस के रूप में मनाया जाता है।

निषाद पार्टी के अनुसार, 1931 की जनगणना में केवट, मल्लाह, निषाद, बिंद, मझवार, कश्यप, तुरैहा, माझी और रैकवार जैसी जातियों को एक ही वंश से जुड़ी पर्यायवाची जातियों के रूप में दर्ज किया गया था।

**चर्चा : शस्त्र लाइसेंस के मामलों की अलग सूची बनाने के निर्देश**

# सैनिक बंधु बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर हुई सुनवाई

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभागार में सोमवार को जिला सैनिक बंधु बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों की समस्याओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

**छह प्रार्थना पत्रों की हुई समीक्षा**

बैठक में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर एक-एक कर चर्चा की गई। पिछली सैनिक बंधु बैठक में उठाए गए मामलों की प्रगति की भी समीक्षा



हुई। इस दौरान कुल छह प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। बैठक में शस्त्र लाइसेंस को जिले में दर्ज कराने और उनके नवीनीकरण से जुड़े मामलों पर भी विचार किया गया। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने संबंधित मामलों में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की जानकारी दी।

बैठक में स्वर्गीय सैनिक काशी राम वर्मा की पत्नी तारा देवी से जुड़ा भूमि अभिलेख का मामला भी सामने आया। वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध और बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में सेवा एवं योगदान के आधार पर उन्हें प्रदान की गई भूमि के अभिलेख से संबंधित समस्या रखी गई।

गाटा संख्या 80 के अभिलेख उपलब्ध कराने की मांग पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने ऑनलाइन गाटा संख्या के माध्यम से खतौनी निकालकर मौके पर ही उपलब्ध करा दी। इससे संबंधित प्रकरण का तत्काल निस्तारण हो गया। भूतपूर्व सूबेदार गिरिजेश कुमार सिंह के सगे भाइयों द्वारा ताला तोड़कर घर पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत पर भी चर्चा हुई। सीओ सिटी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थानेदार से फोन पर जानकारी ली।

### एनओसी वाले मामलों की अलग सूची बनाने के निर्देश

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने बताया कि जिन पूर्व सैनिकों को शस्त्र लाइसेंस के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं मिल पा रहा है, वे लाइसेंस सरेंडर कर नया लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया अपना सकते हैं।

जिन पूर्व सैनिकों को एनओसी प्राप्त हो चुका है, उन्हें प्रार्थना पत्र के साथ उपस्थित होने को कहा गया। इसके बाद जिलाधिकारी को अवगत कराकर लाइसेंस दर्ज कराने या नवीनीकरण की कार्रवाई कराने की बात कही गई।

उन्होंने असलाह क्लर्क को एनओसी प्राप्त और लंबित मामलों की अलग-अलग सूची तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## शशि यादव बनीं सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव

### महिलाओं को संगठन से जोड़ने पर रहेगा जोर

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। समाजवादी पार्टी की महिला सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जिले की शशि यादव को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है। समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर ने अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी शशि यादव को यह जिम्मेदारी सौंपी है। शशि यादव की नियुक्ति की जानकारी मिलते ही सपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने खुशी जताई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारी मिलने से महिला सभा के संगठनात्मक काम को मजबूती मिलेगी। शशि यादव की नियुक्ति को जिले के लिए भी महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारी के तौर पर देखा जा रहा है। उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किए जाने से स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह है।



**सीमा राजभर ने अकबरपुर के मिर्जापुर निवासी शशि यादव को दी नई जिम्मेदारी**

नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव शशि यादव ने नई जिम्मेदारी के लिए पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगी। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए सक्रियता से काम करने की बात कही।

# सम्पादकीय

## हिमालय की निगरानी



नेपाल में आई विनाशकारी आपदा केवल इस देश के लिए ही आघातकारी नहीं है। यह भारत के लिए भी दुख और चिंता का कारण बनी है। एक तो इसलिए, क्योंकि इस आपदा में बड़ी संख्या में भारतीयों ने भी अपनी जान गंवाई है और दूसरे इसलिए कि नेपाल की नदियां जब भी उफनाती हैं तो वे बिहार और उत्तर प्रदेश के एक हिस्से में भी बाढ़ का कारण बनती हैं।

इन स्थितियों में यह आवश्यक हो जाता है कि भारत और नेपाल आपस में मिलकर ऐसे किसी तंत्र की स्थापना करें, जिससे हिमालय में होने वाले हिमस्खलन और भूस्खलन की सतत निगरानी की जा सके। इस निगरानी की आवश्यकता केवल इसलिए नहीं है कि हिमालय एक नाजुक पर्वतीय संरचना है, बल्कि इस कारण भी है कि यह वह क्षेत्र है जो ग्लोबल वार्मिंग के चलते ग्लेशियरों को लगातार पिघलता हुआ देख रहा है। वैसे तो ये ग्लेशियर कई नदियों के उद्गम स्थल हैं, लेकिन ग्लोबल वार्मिंग के चलते जब वे अचानक तेजी से पिघलते हैं तो पर्वतीय नदियों में विनाशकारी बाढ़ का कारण बनते हैं। ऐसी बाढ़ हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से लेकर पूर्वोत्तर में भी देखने को मिल चुकी है। ग्लेशियरों में टूट-फूट का सिलसिला तेज होने के कारण वैसी आपदाओं की आशंका बढ़ गई है, जैसी पिछले दिनों तिब्बत और नेपाल में देखने को मिली। ग्लेशियरों के टूटने-पिघलने से पर्वतीय नदियों में अचानक आने वाली बाढ़ इसलिए कहीं अधिक विनाशकारी हो जाती है, क्योंकि उनके तटों पर आबादी की बसाहट बढ़ती जा रही है। आबादी की यह बसाहट नदियों के किनारों पर अतिक्रमण का कारण भी बनती है। स्पष्ट है कि पर्वतीय क्षेत्रों में नदियों किनारे होने वाली बसाहट पर सख्ती से रोक लगाई जानी चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो आने वाले समय में हिमालय क्षेत्र की पर्वतीय नदियों में अचानक आने वाली बाढ़ कहीं अधिक जन-धन हानि का कारण बनेगी।

वैसे तो आवश्यकता इस बात की है कि हिमालयी क्षेत्र के सभी देश ग्लेशियरों की निगरानी के लिए कोई साझा तंत्र विकसित करें, लेकिन इसमें संदेह है कि सभी देश और विशेष रूप से चीन इसमें स्वेच्छा से शामिल होने के लिए आगे आए। ऐसे में कम से कम भारत, नेपाल और भूटान को तो एकजुट होना ही चाहिए। हिमालय क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाएं लगातार यह संकेत कर रही हैं कि हिमालयी आपदाओं को किसी राष्ट्र विशेष की सीमा में नहीं सीमित किया जा सकता।

हिंदूकुश-हिमालय क्षेत्र में हजारों ग्लेशियर और झीलें हैं। इन सभी की निगरानी की आवश्यकता कहीं अधिक बढ़ गई है। एक समय हिमालय की चोटियों पर होने वाले बदलाव की निगरानी करना कठिन था, लेकिन आज ऐसी तकनीक उपलब्ध है, जिससे यह काम कहीं अधिक आसानी से किया जा सकता है। अब इसे किया ही जाना चाहिए।

# भागवत की अमेरिका यात्रा भारतीय चिंतन की सार्थक प्रस्तुति

> अमेरिका में बसे भारतीयों से भागवत ने एक संतुलित संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस देश में वे रह रहे हैं, वह उनकी कर्मभूमि है और वहां के प्रति उनकी निष्ठा तथा दायित्व सर्वोपरि हैं। साथ ही भारत उनकी जन्मभूमि है, जिससे उन्हें मानवीय मूल्यों और सांस्कृतिक संस्कारों की विरासत मिली है।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की अगस्त 2026 की अमेरिका यात्रा को केवल प्रवासी भारतीयों के एक कार्यक्रम तक सीमित करके देखना उसके व्यापक अर्थ को छोटा करना होगा। न्यूयार्क में 29 अगस्त को आयोजित 'एक विश्व, एक मानवता' कार्यक्रम में उनका संबोधन ऐसे समय हुआ, जब संघ को लेकर भारत ही नहीं, विदेशों में भी अनेक धारणाएं, आरोप और पूर्वाग्रह सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बने हुए हैं। ऐसे वातावरण में भागवत ने जिस प्रकार विविधता, संवाद, सेवा, सह-अस्तित्व और मानवीय एकात्मता को केंद्र में रखा, उसने संघ की विचारधारा को उसके समर्थकों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक समाज के सामने भी एक अलग दृष्टि से प्रस्तुत किया। यह यात्रा इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है कि संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है और उसके विचार अब भारत की सीमाओं से बाहर भी व्यापक चर्चा का विषय बन रहे हैं। भागवत का अमेरिका जाना वस्तुतः संघ के विचार को प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से समझाने का अवसर बना। संघ के बारे में भारत में लंबे समय से दो विपरीत धारणाएं दिखाई देती रही हैं। एक पक्ष उसे भारतीय संस्कृति, राष्ट्रभावना, सेवा और सामाजिक संगठन की विराट शक्ति मानता है, जबकि दूसरा पक्ष उसके विचारों को संकीर्ण धार्मिक राजनीति से जोड़कर देखता है। कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों ने समय-समय पर संघ और उसके विचारों पर गंभीर राजनीतिक प्रश्न उठाए हैं। अमेरिका में भी कार्यक्रम से पहले कुछ संगठनों और राजनीतिक व्यक्तियों ने भागवत की यात्रा और संघ की विचारधारा पर आपत्तियां व्यक्त कीं। ऐसे माहौल में किसी संस्था की वास्तविक छवि केवल आरोप-प्रत्यारोप से नहीं बनती, वह संवाद से बनती है। यही इस यात्रा का सबसे बड़ा महत्व है। भागवत ने अपने विचार विरोधियों पर आक्रमण करके नहीं, बल्कि भारतीय चिंतन की व्याख्या करके सामने रखे। इससे संघ को लेकर बनी धारणाओं पर बहस का एक नया आधार तैयार हुआ। न्यूयार्क में भागवत के वक्तव्य का सबसे अधिक चर्चित पक्ष उनका हिंदू-मुस्लिम संबंधों पर स्पष्ट कथन रहा। उन्होंने कहा कि यदि कोई हिंदू यह मानता है कि भारत में मुसलमानों के लिए स्थान नहीं होना चाहिए, तो वह हिंदू नहीं रह सकता। यह कथन राजनीतिक नारे से अधिक महत्वपूर्ण इसलिए है कि इसमें हिंदुत्व की उनकी व्याख्या को सामाजिक समावेश के साथ जोड़ा गया है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि सत्य एक है और उसे समझने तथा व्यक्त करने के मार्ग अलग-अलग हो सकते हैं। भारतीय परंपरा की यही विशेषता है कि वह मतभिन्नता को अस्तित्व के संकट के रूप में नहीं, बल्कि सत्य की विविध अभिव्यक्तियों के रूप में देखने की क्षमता रखती है। यहां एक महत्वपूर्ण प्रश्न सामने आता है-यदि हिंदुत्व का अर्थ भारत की सांस्कृतिक चेतना है, तो क्या वह किसी समुदाय को भारत से बाहर कर सकता है? भागवत का उत्तर स्पष्ट रूप से नकारात्मक दिखाई देता है। उनका कथन हिंदुत्व की उस व्याख्या को सामने रखता है, जिसमें भारतीयता किसी एक पूजा-पद्धति की बपौती नहीं, बल्कि साझा सांस्कृतिक विरासत है। भागवत ने अमेरिका में भारत की विविधता को उसकी कमजोरी नहीं, शक्ति बताया। उनके अनुसार विविधता और एकता भारत के स्वभाव में ही अंतर्निहित हैं। भारत में भाषा, जाति, पंथ, पूजा-पद्धति और परंपराओं की असंख्य धाराएं हैं, फिर भी इन्हें एक साझा सभ्यतागत चेतना जोड़ती रही है। यह संदेश आज के विश्व के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। अनेक देशों में धार्मिक पहचान, नस्लीय भेद, सांस्कृतिक असहमति और राजनीतिक ध्रुवीकरण सामाजिक तनाव बढ़ा रहे हैं। ऐसे समय भारत का अनुभव यह बताता है कि भिन्नताओं को मिटाना आवश्यक नहीं, उन्हें सम्मान देकर भी एकता स्थापित की जा सकती है। यही विचार भागवत के संबोधन को सामान्य राजनीतिक भाषण से ऊपर उठाता है। उनका आग्रह था कि विविधता को स्वीकार ही नहीं, सम्मान और संरक्षण भी मिलना चाहिए। संघ की सार्वजनिक छवि का एक बड़ा हिस्सा राजनीतिक विमर्श से निर्मित हुआ है, जबकि संघ स्वयं को सामाजिक संगठन और सेवा-आधारित सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में प्रस्तुत करता रहा है। भागवत ने अमेरिका में भी सेवा, सामाजिक समरसता और संवाद को परिवर्तन का आधार बताया। यही वह बिंदु है जहां संघ की छवि को केवल चुनावी राजनीति के चश्मे से देखने की सीमा सामने आती है। किसी संगठन को समझने के लिए उसके राजनीतिक प्रभाव के साथ उसकी सामाजिक गतिविधियों, सेवा-कार्य, संगठनात्मक संस्कृति और वैचारिक आधार को भी देखना आवश्यक है। भागवत की यात्रा ने कम से कम इतना अवसर अवश्य दिया कि संघ को उसके अपने शब्दों और उसके सरसंघचालक की प्रत्यक्ष व्याख्या के आधार पर सुना जाए। यह दृष्टि प्रवासी भारतीयों के सामने पहचान के संघर्ष के बजाय पहचान के समन्वय का मार्ग रखती है। अपनी जड़ों से जुड़े रहना और जिस समाज में रह रहे हैं उसके प्रति पूर्ण निष्ठा रखना-दोनों एक साथ संभव हैं। यही भारतीय संस्कृति की उदारता है। यह भी तथ्य है कि भागवत के कार्यक्रम का अमेरिका में विरोध हुआ और संघ की विचारधारा को लेकर तीखी आलोचनाएं सामने आईं। लेकिन लोकतांत्रिक समाज में किसी विचार का उत्तर उसे दबाकर नहीं, उसके साथ संवाद करके दिया जाता है। इस दृष्टि से यह यात्रा संघ के लिए भी एक परीक्षा थी। भागवत ने विरोध का उत्तर आक्रामक भाषा में देने के बजाय एकात्मता, मानवता और सह-अस्तित्व की बात की। यही इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है। आलोचक उनके शब्दों और संघ के व्यवहार के बीच अंतर का प्रश्न उठा रहे हैं, समर्थक इसे संघ के मूल विचारों की स्पष्ट अभिव्यक्ति मान रहे हैं। इस बहस का अंतिम निर्णय समय और व्यवहार करेगा, लेकिन इतना निश्चित है कि बहस अब अधिक प्रत्यक्ष और वैश्विक हो गई है। मोहन भागवत की अमेरिका यात्रा को संघ की छवि पर वर्षों से चले आ रहे विवाद का अंतिम उत्तर मानना अतिशयोक्ति होगी। किंतु इसे एक महत्वपूर्ण मोड़ अवश्य कहा जा सकता है। जिन लोगों ने संघ को केवल राजनीतिक आरोपों और विरोधी व्याख्याओं के माध्यम से जाना है, उन्हें पहली बार इतने बड़े वैश्विक मंच पर उसके शीर्ष नेतृत्व की विचार-दृष्टि को सीधे सुनने का अवसर मिला।

**- ललित गर्ग**

## रक्षा और सुरक्षा के...

अशोक भाटिया

# मध्य एशिया में भारत का रणनीतिक अभ्युदय और उज्बेकिस्तान यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय उज्बेकिस्तान यात्रा केवल एक राजनयिक औपचारिकता मात्र नहीं थी, बल्कि यह बदलते वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत के बढ़ते रणनीतिक प्रभाव का एक ठोस घोषणापत्र बनकर उभरी है। ताशकंद के कुकसारोय राष्ट्रपति पैलेस में आयोजित एक विशेष गरिमामयी समारोह में उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव द्वारा पीएम मोदी को उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ओली दाराजाली दोस्तलिक' प्रदान किया जाना, इस बात का सीधा प्रमाण है कि दोनों देशों के रिश्ते अब सामान्य द्विपक्षीय विमर्श से कहीं आगे निकलकर एक प्रगाढ़ और अटूट रणनीतिक साझेदारी का रूप ले चुके हैं। प्रधानमंत्री का यह 36वां अंतर-राष्ट्रीय सम्मान वैश्विक पटल पर भारत की बढ़ती स्वीकार्यता और 'विश्वमित्र' की उसकी साख को और पुख्ता करता है। हालांकि, इस ऐतिहासिक यात्रा का वास्तविक मूल्यांकन केवल प्रतीकों और मेडल से नहीं, बल्कि उन रणनीतिक, आर्थिक और ऊर्जा समझौतों से होना चाहिए जो भारत के दीर्घकालिक हितों को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। उज्बेकिस्तान को मध्य एशिया का हृदय स्थल माना जाता है और इस भू-भाग में अपनी पैठ मजबूत किए बिना भारत अपने यूरेशियाई सपनों को साकार नहीं कर सकता।



इस यात्रा का सबसे बड़ा और गेम-चेंजर नतीजा यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक स्थायी रणनीतिक ढांचे का निर्माण होना है। भारत अपनी स्वच्छ ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं और परमाणु ऊर्जा क्षमताओं के विस्तार के लिए बड़े पैमाने पर जीवाश्म ईंधन से इतर विकल्पों की तलाश कर रहा है। उज्बेकिस्तान दुनिया के शीर्ष यूरेनियम उत्पादक देशों में शामिल है, और वहां से परमाणु ईंधन की निर्बाध आपूर्ति का मार्ग प्रशस्त होना भारत की भावी ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इस एकल समझौते ने भारत को ऊर्जा के मोर्चे पर एक बड़ी आत्मनिर्भरता और विविधता प्रदान की है। इसके साथ ही, दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक अपग्रेड कर दिया है। यह केवल एक शब्दावली नहीं है, बल्कि इसके तहत दोनों देशों ने वर्ष 2030 तक आपसी व्यापार को 5 अरब डॉलर तक ले जाने का एक अत्यंत महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान में दोनों देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियां 1 अरब डॉलर के स्तर को पार कर चुकी हैं और संयुक्त उपक्रमों में सात गुना की भारी बढ़ोतरी देखी गई है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण अब केवल कागजी समझौतों तक सीमित रहने का नहीं है, बल्कि उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया है कि समझौतों को फाइलों की धूल से निकालकर धरातल पर क्रियान्वित किया जाना चाहिए। इसी सोच के तहत भारत ने अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और शहरी नियोजन के अनुभवों को उज्बेकिस्तान के साथ साझा करने की प्रतिबद्धता जताई है। उज्बेकिस्तान द्वारा बनाए जा रहे 'न्यू ताशकंद' शहर के विकास में भारत अपने गुजरात के गिफ्ट सिटी के सफल मॉडल, आधुनिक तकनीक और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के अनुभवों का उपयोग करने का अवसर दे रहा है।

रक्षा और सुरक्षा के मोर्चे पर भी इस यात्रा ने एक नई इबारत लिखी है। दोनों देशों ने अपनी रक्षा प्रणालियों को सह-विकास और संयुक्त उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए अपनी रक्षा उद्योगों को प्रोत्साहित करने का फैसला किया है। आतंकवाद, कट्टरपंथ और अलगाववाद जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए दोनों देशों का एक साथ आना मध्य एशियाई क्षेत्र की स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण है। भारत ने कनेक्टिविटी की बाधाओं को दूर करने के लिए डिजिटल भुगतान प्रणाली के विस्तार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आयुर्वेद के क्षेत्र में भी उज्बेकिस्तान के साथ 11 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, अरल सागर क्षेत्र में पर्यावरण पुनर्वास के लिए भारत द्वारा 1 मिलियन डॉलर का अनुदान देना यह साबित करता है कि भारत इस क्षेत्र के केवल आर्थिक दोहन में नहीं, बल्कि इसके सतत विकास में भी अपनी जिम्मेदारियां समझता है। सांस्कृतिक कूटनीति के स्तर पर, ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में आईसीसीआर संस्कृत चेयर की स्थापना और प्राचीन बौद्ध विरासत स्थलों के संरक्षण की पहल ने दोनों सभ्यताओं के ऐतिहासिक जुड़ाव को पुनर्जीवित किया है।

# निवेश की नई उड़ान से औद्योगिक विकास के पथ पर बरेली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में चलाए जा रहे अभियान का सकारात्मक प्रभाव बरेली जनपद में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 5.0 के माध्यम से जनपद में औद्योगिक निवेश को नई गति मिली है और बड़ी संख्या में निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर रहे हैं।

जीबीसी-5.0 के अंतर्गत बरेली के लिए 15 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जनपद में अब तक 337 एमओयू के माध्यम से 19,637 करोड़ रुपये के निवेश के करार हुए हैं। इनमें से 228 कंपनियों द्वारा परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा चुका है, जिनके तहत लगभग 9,426 करोड़ रुपये का निवेश जमीन पर उतर चुका है। इन परियोजनाओं से लगभग 13,844 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना का दावा व्यक्त किया गया है।

15 हजार करोड़ रुपये के निर्धारित निवेश लक्ष्य के मुकाबले प्राप्त निवेश प्रस्तावों का आंकड़ा 19,637 करोड़ रुपये तक पहुंचना बरेली के औद्योगिक वातावरण में बढ़ते निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। उद्योग विभाग द्वारा निवेशकों से निरंतर संवाद, उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित किए जाने से निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में तेजी आई है। पूर्व में जीबीसी के माध्यम से प्राप्त निवेश प्रस्तावों में भी बड़ी संख्या में परियोजनाएं संचालित हो चुकी हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि बरेली अब केवल निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने वाला जनपद नहीं, बल्कि निवेश को वास्तविक औद्योगिक इकाइयों में बदलने वाले प्रमुख जिलों में अपनी पहचान बना



रहा है। जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। उपलब्ध विवरण के अनुसार कई उद्यमियों ने करोड़ों रुपये की परियोजनाएं स्थापित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया है। रियल एस्टेट एवं हाउसिंग, रिटेल, शिक्षा, डेयरी तथा खाद्य प्रसंस्करण सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश परियोजनाओं से स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है। बड़े निवेश के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। ये इकाइयां स्थानीय युवाओं को उनके गृह जनपद में ही रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थानीय कच्चे माल, परिवहन, सेवाओं और अन्य सहायक गतिविधियों की मांग को बढ़ावा देती हैं। निवेश परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग द्वारा निवेशकों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। भूमि, विद्युत, अनापत्ति प्रमाण पत्र, लाइसेंस तथा अन्य विभागीय अनुमतियों से संबंधित समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की यह कार्यप्रणाली बरेली में औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं को मजबूत कर रही है। शासन स्तर पर भी जीबीसी-5.0 के निवेश को प्रत्येक जनपद तक पहुंचाने तथा निवेशकों की समस्याओं का समय से समाधान करने पर जोर दिया गया है।

# विचार विषाक्तता

आज के समय में विचार विषाक्तता को मैं उलट रूप में कहूँ तो कोई अतिशोक्तती नहीं होगी । आधुनिक युग में चाल , चलन व सोच आदि में जितनी विषाक्तता या दोगलापन आदि होगी विचारों की वह मानव उतना ही सफल व प्रसिद्धी को प्राप्त करता हैं । हर तरफ़ से सभी यही कहने लग जातें हैं की इसका क्या कहना व इनके लियें पूछने की क्या ज़रूरत हैं आदि - आदि । उसके घर में आयें कोई तो उसको इस तरह बातों के झाँसे में या चकरी में ले लेते हैं की सामने वाला ख़ुद ही अपनी सुधबुध खो बैठता है और वह सभी तरह से उनसे अलग ही तरीक़े से प्रभावित होकर के व उनमें चढ़ करके उनके घर से जाता है और इस तरह उनको सभी और से निरन्तर प्रसिद्धी मिलती रहती है । जबकी उसके ख़ुद के घर की स्थिति एकदम उलट होती हैं ।घर में रुपये - रुपये के लियें मोहताज व लोक दुनिया में इतना अच्छा ख़ासा नाम जबकि उसकी सच्चाई से सही से कोई वाक़िफ़ नहीं होता । जानते सब हैं अपने हिसाब से ख़ुद का परिवार , कूटूम्ब , समाज आदि सब परन्तु ख़ुद के व दूसरे स्वार्थ वश आदि से उसको बढ़ावा देते रहते हैं इससे भी मज़ेदार बात और यह है की विषाक्तता विचार की दूसरे भी अपनाकर अपना काम निकालते है और इस तरह इस राह में वो भी आगे बढ़ते जाते है । यह जो देखा - देखी का ज़हर फैल रहा है वह सभी को सभी तरीक़े से अन्दर ही अन्दर खोखला कर रहा है वह खाये जा रहा है । यह सभी के लिये चिन्ताजनक व दुखदायी स्थिति हैं यह किसी की व्यक्तिगत बात नहीं हैं बल्कि कितनो को इस तरह हम देख , समझ व अनुभव कर सकते हैं । इस तरह इन सब के लियें जीमेदार कौन ? तपस्वी साधु राजा प्रेसन जीत ने अपने विचारों से सातवी नरक का दरवाजा खटखटाया और वही ने विचारों से मुक्ति का सेहरा लगाया । विचार ये भी, विचार वो भी थे परन्तु अंतर गणित भी नही बता पाया। मन से उपजते विचार या मन का ही विचार अतित में भटकता और वह ही भविष्य की करता व सोचता और निषेधात्मक का करता सभी तरीक़े से बुरा हाल । वर्तमान में रहना उसे जमता कम इसलिये सकारात्मक सोच में कहाँ उसका सही से रमता मन ।

**› प्रदीप छाजेड़**

## जरा हटके

## पूर्व में मटर की बुवाई...

डॉ. मनोज चंद्रा

# नवोन्मेषी खेती से झांसी जनपद के श्री राम किशुन ने मटर उत्पादन में रचा नया कीर्तिमान

किसानों की आय दोगुनी करने एवं उन्हें "अन्नदाता से उद्यमी" बनाने के लक्ष्य के साथ प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में लगातार कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार की किसान-हितैषी नीतियों, समयबद्ध अनुदान और आधुनिक तकनीक के प्रसार ने झांसी सहित पूरे बुंदेलखंड के किसानों को नई दिशा दी है, जिसके परिणामस्वरूप मटर, सरसों तथा अन्य फसलों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है। झांसी जनपद के विकास खण्ड बामौर के ग्राम परसुवा के प्रगतिशील किसान श्री राम किशुन की सफलता गाथा, उत्तर प्रदेश सरकार के इन्हीं सतत प्रयासों का प्रेरक उदाहरण है। श्री राम किशुन ग्राम परसुवा, विकास खण्ड बामौर, जनपद झांसी के मूल निवासी हैं। वे उच्च माध्यमिक तक शिक्षित हैं तथा लघु श्रेणी के कृषक होने के बावजूद खेती को ही अपनी मुख्य आजीविका मानकर पूरी निष्ठा से खेती-बाड़ी में लगे हैं। सीमित संसाधनों के साथ भी उन्होंने परंपरागत खेती को छोड़कर वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने का साहस दिखाया, जिससे उनकी पहचान क्षेत्र के नवाचारी किसान के रूप में बनने लगी।

श्री राम किशुन लघु श्रेणी के कृषक हैं तथा उनके पास लगभग 1.160 हे० कृषि योग्य भूमि है। वे सिंचाई के लिए उपलब्ध यंत्रों एवं सेट का उपयोग करते हैं तथा समय पर सिंचाई और पोषण प्रबंधन पर विशेष ध्यान देते हैं। खेतों में वे मटर, चना, गेहूं आदि फसलों की वैज्ञानिक ढंग से बुवाई करते हैं, बीजोपचार, संतुलित उर्वरक प्रयोग तथा कीट-रोग प्रबंधन के लिए विभागीय परामर्श का पालन करते हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसान श्री राम किशुन को उन्नत बीज, प्रदर्शन प्लॉट, प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन का लाभ मिला, जिससे उनकी खेती में उल्लेखनीय सुधार आया है। विभाग द्वारा आयोजित कृषक गोष्ठियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी से उन्होंने मटर की उच्च उत्पादक किस्में, उचित बीज दर, कतारों में बुवाई, विधिवत सिंचाई तथा समेकित पोषक तत्व प्रबंधन जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाया। झांसी क्षेत्र में दलहनी फसलों, विशेषकर मटर की वैज्ञानिक खेती पर बल दिए जाने से उन्होंने समय पर बुवाई, निराई-गुड़ाई, रोग-कीट नियंत्रण और फसल कटाई की वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर उत्पादन क्षमता में बड़ा सुधार किया।

पूर्व में मटर की बुवाई परंपरागत तरीके से होने के कारण प्रति हेक्टेयर उत्पादन सामान्य स्तर तक ही सीमित था, जिससे शुद्ध लाभ में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पा रही थी। उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं कृषि विभाग के वैज्ञानिक मार्गदर्शन के तहत उन्होंने प्रमाणित बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग, यांत्रिक कतार बुवाई तथा कीट-रोग प्रबंधन जैसी तकनीकों को व्यवस्थित रूप से अपनाया। परिणामस्वरूप उन्होंने मटर की उन्नत प्रजाति (केएनएफए-मएसआर-522) की खेती में प्रति हेक्टेयर '44.20 कुंतल' की उल्लेखनीय उपज प्राप्त की, जो अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई। श्री राम किशुन ने राज्य स्तरीय फसल प्रतियोगिता में मटर फसल की उपज के आधार पर मटर प्रजाति केएनएफएमएसआर-522 में '44.20 कुंतल प्रति हेक्टेयर' उत्पादन प्राप्त कर 'प्रथम स्थान' हासिल किया। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें 01 लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र एवं शाल' प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है, जिससे वे स्वयं तो गौरवान्वित हुए ही हैं, साथ ही पूरे जिले और प्रदेश का मान भी बढ़ा है। राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली प्रशिक्षण सुविधाएँ, तकनीकी मार्गदर्शन, बीज एवं अन्य कृषि सामग्रियों पर अनुदान, तथा फसल प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रोत्साहन ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्री राम किशुन की सफलता ने यह दिखा दिया है कि यदि किसान उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर आधुनिक कृषि तकनीकों, प्रमाणित बीज, वैज्ञानिक सिंचाई तथा उन्नत प्रबंधन पद्धतियों को अपनाएँ, तो सीमित भूमि पर भी अत्यधिक लाभदायक खेती की जा सकती है। झांसी जैसे अर्ध-शुष्क क्षेत्र में मटर जैसी दलहनी फसल में रिकॉर्ड उत्पादन प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश सरकार द्वारा "बीज से बाजार तक" की सोच, किसान-हितैषी नीतियाँ और तकनीकी सहयोग गाँव-गाँव के किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

# मोबाइल फोन : साल, दो साल का साथी, फिर बनता बहुआयामी बर्बादी

आज से दस साल पहले फोन का मतलब सिर्फ कॉल और संदेश था पर आज सुबह के अलार्म से लेकर रात तक हमारी पूरी जिंदगी इसी छोटे से डिब्बे में बंद है। उसी में हमारा बैंक है, बच्चों की पढ़ाई है, दुकान का हिसाब है, जमीन के कागज हैं और परिवार की यादें भी हैं पर कभी सोचा है कि जिस चीज पर इतनी बड़ी जिंदगी टिकी है, उसकी उम्र कौन तय करता है? हम या उसे बनाने वाली कंपनी? अगर आप ध्यान से देखेंगे तो पाएंगे कि उसकी उम्र हम नहीं, कंपनी तय करती है।

आप तीस-चालीस हजार का फोन लाते हैं, पहले साल वह मक्खन जैसा चलता है, दूसरे साल भी ठीक रहता है, पर दूसरे साल के आखिर में ही संकेत मिलने लगते हैं। कंपनी कहती है अब इस मॉडल को बड़ा अपडेट नहीं मिलेगा, फिर कुछ महीनों बाद सुरक्षा अपडेट भी बंद हो जाते हैं। फोन गर्म होने लगता है, बैटरी जल्दी खत्म होती है, बैंक का ऐप कहता है आपका सिस्टम पुराना और असुरक्षित है। नया कैमरा फीचर आपके फोन में आता ही नहीं। मन में डर बैठ जाता है कि फोन बेकार हो गया और आप मजबूरी में नया फोन लेने चले जाते हैं जबकि फोन टूटा नहीं है, खराब भी नहीं है। उसे सिर्फ पुराना साबित कर दिया गया है। यह कोई तकनीकी मजबूरी नहीं, बल्कि एक सोची-समझी व्यापारिक रणनीति है जिसे दुनिया में प्लांड ऑब्सोलेसेंस कहा जाता है, यानी चीज को तय समय पर बेकार बना देना ताकि नया सामान बेचा जा सके। यह रणनीति कैसे काम करती है, इसे समझना आसान है। इसका पहला हथियार है सॉफ्टवेयर अपडेट।

**डॉ. शैलेश शुक्ला**

## पहली बार बसपा की बैठक में शामिल हुए, पिता की सीट से लड़ सकते हैं चुनाव

# मायावती ने उमाशंकर सिंह के बेटे को किया लॉन्च

बैठक



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को लखनऊ में बड़ी बैठक की। इसमें दिवंगत बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के बेटे युकेश सिंह भी शामिल हुए। यह पहली बार है, जब युकेश किसी सियासी कार्यक्रम में दिखे। बैठक में वह सबसे आगे बैठे दिखे। माना जा रहा है, मायावती ने युकेश की औपचारिक पॉलिटिकल लॉन्चिंग कर दी है। वह अपने पिता की रसड़ा (बलिया) सीट से 2027 का विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। यूपी में बसपा के इकलौते विधायक रहे उमाशंकर सिंह (55) का 5 अगस्त को निधन हो गया था। वे लंबे समय से ब्रेन कैंसर से जूझ रहे थे। तब मायावती ने कहा था- ₹उमाशंकर मुझे अपनी सगी बहन की तरह मानते थे। राजनीति में कई लोगों ने साथ छोड़ा, लेकिन उन्होंने कभी पार्टी को धोखा नहीं दिया। अगर परिवार की इच्छा होगी, तो उनके बेटे को राजनीति में आगे बढ़ने का पूरा अवसर दूंगी। उन्हें वही सम्मान और महत्व दिलाने का प्रयास करूंगी, जो उमाशंकर सिंह को मिला था। उधर, प्रदेश कार्यालय में सुबह 11 बजे शुरू हुई बैठक करीब डेढ़ घंटे चली। इसमें यूपी के सभी 75 जिलों के जिलाध्यक्ष, मंडल कोऑर्डिनेटर और घोषित विधानसभा प्रभारियों समेत 600 से ज्यादा पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। हालांकि, मायावती के भतीजे आकाश आनंद बैठक में मौजूद नहीं रहे। बताया गया कि आज की बैठक का फोकस सिर्फ यूपी पर था। ऐसे में आकाश 3 सितंबर को होने वाली बसपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होंगे।

### युकेश अपने पिता की राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी

उमाशंकर सिंह बलिया जिले की रसड़ा सीट से 3 बार विधायक रहे थे। परिवार में पत्नी पुष्पा सिंह, बेटी यामिनी और बेटा प्रिंस युकेश हैं। विधायक ने 2024 में युकेश की शादी यूपी सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह की भतीजी कनिका सिंह से कराई थी। बसपा प्रमुख मायावती भी इस शादी में पहुंची थीं। युकेश अपने पिता की कंपनी 'CS इंफ्राकंस्ट्रक्शन लिमिटेड' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) हैं। उमाशंकर के निधन के बाद प्रिंस युकेश को उनकी राजनीतिक विरासत का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। हालांकि, अभी तक युकेश कभी एक्टिव पॉलिटिक्स में नहीं दिखे थे।



दिवंगत बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के बेटे युकेश सिंह (बीच में) ने पहली बार पार्टी की बैठक में शिरकत की।

> बैठक में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों, संगठन की जमीनी मजबूती और संभावित प्रत्याशियों के चयन पर चर्चा हुई। इसके साथ ही मायावती ने पिछली बैठकों में दिए गए दिशा-निर्देशों की समीक्षा की।

## संवाद के जरिये योगी सरकार नारी सशक्तीकरण को दे रही नई दिशा

- नारी की राजनीतिक चुनौतियां एवं नारी वंदन अधिनियम पर छात्राओं ने रखे विचार
- भाषा संस्थान और पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय के संयुक्त आयोजन में 100 से अधिक छात्राओं ने लिया हिस्सा
- 1 सितंबर को विजेताओं को पुरस्कार व सभी प्रतिभागियों को वितरित किए जाएंगे प्रमाणपत्र

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी और अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ाने की दिशा में योगी सरकार की पहल को शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से भी गति मिल रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, लखनऊ और पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नारी की राजनीतिक चुनौतियां एवं नारी वंदन अधिनियम विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 100 से अधिक छात्राओं ने उत्साह-पूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महिलाओं से जुड़े संवैधानिक अधिकारों, राजनीतिक सहभागिता और नारी वंदन अधिनियम के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना रहा। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने विषय पर अपने विचारों को निबंध के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। छात्राओं के उत्साह ने कार्यक्रम को खास बना दिया।

उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान द्वारा महाविद्यालय के साथ मिलकर आयोजित यह कार्यक्रम भाषा, लेखन और सामाजिक जागरूकता को जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

फास्ट न्यूज

### लखनऊ जच्चा बच्चा की मौत पर हंगामा

लखनऊ। लखनऊ में सोमवार को लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सीएमओ कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। तकरोही स्थित एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पीड़ित परिवार के लोग भी प्रदर्शन में शामिल हुए और नारेबाजी की।

### लखनऊ में स्वाइन फ्लू के 4 नए केस

लखनऊ । लखनऊ में स्वाइन फ्लू (H1N1) का संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को 4 नए मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई। इनमें 2 मरीज SGPGI और 2 मरीज डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में मिले हैं। सभी मरीजों को आइसोलेशन वॉर्ड में भर्ती हैं। इससे पहले बलरामपुर अस्पताल में स्वाइन फ्लू के 3 पॉजिटिव केस मिल चुके हैं। इनमें से एक महिला की मौत भी हो चुकी है। लखनऊ सीएमओ डॉ. एनबी सिंह के मुताबिक, सोमवार को 4 नए केस पॉजिटिव मिले हैं। उन्होंने बताया कि लखनऊ के सभी जिला स्तरीय अस्पतालों में स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए बेड रिजर्व किए गए हैं।

### छत पर सो रहे युवक की चाकू मारकर हत्या

बख्शी का तालाब। लखनऊ में रविवार-सोमवार देर रात 25 साल के युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना महिंगवां थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव की है। निर्माणाधीन मकान की छत पर सो रहे सतीश यादव पर कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल सतीश छत से नीचे खेत में जा गिरा।

# बाढ़ प्रभावितों के लिए योगी सरकार का राहत अभियान युद्ध स्तर पर जारी

### भोजन से लेकर सुरक्षित ठिकाने तक का इंतजाम

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बाढ़ की चुनौती के बीच योगी सरकार ने राहत एवं बचाव कार्यों को प्राथमिकता देते हुए प्रशासनिक मशीनरी को पूरी तरह सक्रिय कर दिया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के साथ ही उनके लिए भोजन, आश्रय, स्वास्थ्य सुविधाएं और पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था लगातार की जा रही है। उत्तर प्रदेश राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक रविवार तक प्रदेश के 17 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक प्रदेश में कोई जनहानि नहीं व पशुहानि नहीं होने पाई है। योगी सरकार की निगरानी में राहत कार्य प्रभावित क्षेत्रों में लगातार जारी हैं।

वर्तमान में बाढ़ से करीब 1.70 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। ऐसे में सरकार का पूरा जोर प्रभावित आबादी को तत्काल राहत सहायता उपलब्ध कराने और लोगों को सुरक्षित रखने पर है। इसके लिए प्रभावित इलाकों में अब तक कुल 1,633 बाढ़ चौकियां स्थापित की जा चुकी हैं। इन चौकियों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर राहत एवं बचाव गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। राहत कार्यों के साथ सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को भी प्राथमिकता दी है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में 200 मेडिकल टीमें गठित की गई हैं। इसके अलावा स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए 5,432 क्लोरीन टैबलेट तथा 5,441 ओआरएस पैकेट वितरित किए गए हैं।



### बाढ़ पीड़ितों तक भोजन पहुंचाने के लिए व्यापक इंतजाम

बाढ़ जैसी आपदा में सबसे बड़ी जरूरत प्रभावित परिवारों तक भोजन पहुंचाने की है। योगी सरकार ने इस मोर्चे पर भी व्यापक इंतजाम किए हैं। रविवार की स्थिति के मुताबिक 2,024 बाढ़ राहत खाद्यान्न पैकेट और 10,784 लंच पैकेट वितरित किए गए हैं। अब तक कुल 55,572 खाद्यान्न पैकेट और 3.02 लाख लंच पैकेट प्रभावित लोगों तक पहुंचाए जा चुके हैं। इससे राहत शिविरों और प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगों को भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिल रही है।

## कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने नवागंतुक विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

# 'स्टूडेंट कनेक्ट और ओरिएंटेशन डे 2026' का हुआ आयोजन

- डिग्री के साथ व्यावहारिक कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की वास्तविक कुंजीः मंत्री कपिल देव अग्रवाल





आधुनिक प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं का किया निरीक्षण



कार्यक्रम में संस्थान के शैक्षणिक प्रमुख डॉ. राजेश पांडा, संकाय सदस्य, अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में मंत्री ने सभी नवागंतुक विद्यार्थियों को उनके सफल शैक्षणिक सत्र और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (CIPET: IPT), लखनऊ में सोमवार को नवागंतुक छात्र-छात्राओं के स्वागत, मार्गदर्शन एवं करियर निर्माण की सही दिशा तय करने हेतु 'Student Connect & Orientation Day 2026' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने संस्थान परिसर में संचालित अत्याधुनिक टेस्टिंग लैब्स, उच्चस्तरीय प्रयोगशालाओं तथा आधुनिक कार्यशालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लास्टिक एवं पेट्रोकेमिकल प्रोसेसिंग, मोल्ड डिजाइनिंग और गुणवत्ता नियंत्रण से जुड़ी तकनीकों की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर हरित परिसर और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में पौधरोपण भी किया गया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन और खेल के मैदान में हार-जीत स्वाभाविक है। जो हार से डरता है, वह कभी बड़ी जीत हासिल नहीं कर सकता। आज कड़े कॉम्पिटिशन का दौर है; यदि 200 रिक्तियों के लिए 2,000 युवा कतार में हैं, तो चयन उसी का होगा जिसके पास डिग्री के साथ-साथ उत्कृष्ट संवाद क्षमता, बॉडी लैंग्वेज, अनुशासन और आत्मविश्वास होगा। जब आप सवाल पूछने और सही जवाब देने का साहस जुटाते हैं, तो वही आत्मविश्वास आपकी सबसे बड़ी पूंजी बनता है।

## ए. के. शर्मा ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

# 'जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता'

- विद्युत कनेक्शन, बिल सुधार, पेयजल एवं जलनिकासी से जुड़ी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश





तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने आज अपने आवास पर जनसुनवाई कर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने विद्युत कनेक्शन, विद्युत बिल में सुधार, पेयजल, जलनिकासी सहित नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं को मंत्री श्री शर्मा के समक्ष रखा। मंत्री ए. के. शर्मा ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायतों को सुनना नहीं, बल्कि उनका प्रभावी समाधान कर आमजन को राहत पहुंचाना है। पेयजल एवं जलनिकासी से संबंधित शिकायतों पर उन्होंने नगर निकायों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना और जलभराव एवं जलनिकासी की समस्याओं का स्थायी समाधान करना सरकार की प्राथमिकताओं में है। बारिश के दौरान जलनिकासी व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने तथा जहां आवश्यक हो वहां तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

> विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों पर मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। विद्युत कनेक्शन, बिल सुधार तथा अन्य उपभोक्ता सेवाओं से जुड़ी शिकायतों में अनावश्यक विलंब न हो और पात्र लोगों को विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुगमता से मिले।

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

### किसानों की आय बढ़ाने एवं युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

- उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति - 2023 के अंतर्गत एप्रेजल समिति की बैठक सम्पन्न
- 10 नवीन खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं को सशर्त स्वीकृति की संस्तुति



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र किसानों, उद्यमियों एवं युवाओं के लिए अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है। यह सेक्टर न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का माध्यम भी बनेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उप मुख्यमंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं, अनुदानों एवं प्रोत्साहनों के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यमी इस क्षेत्र में निवेश के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर किसानों के उत्पादों को बेहतर मूल्य दिलाना सरकार की प्राथमिकता है।

इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग श्री बी एल मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत गठित अप्रेजल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोर्टल पर प्राप्त नवीन निवेश प्रस्तावों का परीक्षण एवं एप्रेजल समिति के समक्ष प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार किया गया।

बैठक में अब तक प्राप्त कुल 12 नवीन आवेदनों पर विचार किया गया। इनमें से 10 प्रस्तावों को आवश्यक शर्तों की पूर्ति के अधीन स्वीकृति हेतु संस्तुति प्रदान की गई।

# संघ की शताब्दी यात्रा में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : महाना

### 'शतायु संघ और महिला सहभागिता' पुस्तक में नारी शक्ति के योगदान को सामने लाने का प्रयास

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'शतायु संघ और महिला सहभागिता' पुस्तक पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा. राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल, विशिष्ट अतिथि मा. विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना, महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री मा. श्रीमती बेबी रानी मौर्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अपर्णा यादव, कथाकार एवं लेखिका डॉ. शोभा विजेंद्र सहित अन्य गणमान्य-जन उपस्थित रहे।

सतीश महाना ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। संघ के कार्य में मातृशक्ति की भूमिका को किसी भी दृष्टि से कम करके नहीं आंका जा सकता। उन्होंने कहा कि संघ में बहन की भूमिका स्नेह, वात्सल्य, श्रद्धा और समर्पण से जुड़ी है। जहां श्रद्धा होती है, वहीं आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने कहा कि संघ की विचारधारा में महिलाओं के सम्मान और उनकी सहभागिता को सदैव विशेष स्थान मिला है। मा. राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके गांव में विद्यालय नहीं था और उनकी शिक्षा लड़कों के विद्यालय में हुई, जहां वह अकेली छात्रा थीं। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और स्टार्टअप के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना रही हैं। समाज क्या कहेगा, इस चिंता में रहने के बजाय महिलाओं को अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाएं ऋण लेकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का भी उल्लेख किया।



## निर्देश : दुग्ध संग्रहण एवं विपणन की व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाए : धर्मपाल सिंह

# 'गौवंश संरक्षण राज्य सरकार की प्राथमिकता'

- गौशालाओं की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर 10 सितंबर तक भेजें रिपोर्ट
- नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण और संचारी रोगों की रोकथाम पर विशेष जोर दिया जाए
- प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की दिशा में आगे बढ़ाने में दुग्ध क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका

-पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह

तमसा संकेत, संवाददाता





लखनऊ। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में गोवंश संरक्षण के साथ-साथ नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण तथा संचारी रोगों की रोकथाम के कार्यों में तेजी लायें और इन सभी कार्यों की नियमित निगरानी भी सुनिश्चित करें जिससे पशुपालकों को स्वस्थ पशुधन मिल सके, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिल सके। उन्होंने निर्देशित किया कि 10 सितंबर तक गौशालाओं में सभी संबंधित व्यवस्थाओं की स्थिति की रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेजी जाए। गौशालाओं में गोवंश के लिए चारा, पानी, साफ-सफाई, छाया, उपचार, सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता का मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया जाए। धर्मपाल सिंह सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने गौशालाओं के प्रबंधन और चारे भूसे के संबंध में प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि प्रदेश के प्रत्येक मंडल में अपर निदेशक स्तर के अधिकारी द्वारा गौशालाओं की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

### दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशुपालकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर

दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा करते हुए धर्मपाल सिंह ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशुपालकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुग्ध समितियों को और अधिक सक्रिय किया जाए तथा दुग्ध उत्पादकों को समय पर राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे तकनीकी सहयोग और आवश्यक सुविधाएं मिलें। दुग्ध संग्रहण एवं विपणन की व्यवस्थाओं को मजबूत करने के साथ ही विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों और पशुपालकों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की दिशा में आगे बढ़ाने में दुग्ध क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने निर्देश दिए कि दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं।

## 4 रिश्तेदारों की भी जान गई ■ कासगंज में पिकअप ट्रक में घुसी, 20 घायल

# मां की अस्थियां लेकर जा रहीं दो बेटियों की मौत

**दुर्घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कासगंज । यूपी में मां की अस्थियां विसर्जित करने जा रहे परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। 20 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार तड़के राजस्थान के करौली का रहने वाला परिवार सुआ देवी (62) की अस्थियां लेकर मैक्स पिकअप से सोरोंजी तीर्थ स्थल जा रहा था। कासगंज-मथुरा रोड पर पिकअप ने आगे चल रहे एक ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।



हादसा इतना भीषण था कि पिकअप का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। बोनट पिचक गया। टक्कर के बाद पीछे बैठे लोग उछलकर करीब 5 फीट दूर जा गिरे। आगे बैठे लोग गाड़ी में ही फंस गए। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने किसी तरह घायलों को पिकअप से बाहर निकाला। पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने 6 लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में सुआ की 2 बेटियां, भतीजे, भतीजी और चचेरे दामाद की मौत हो गई। हादसा तड़के करीब 3:45 बजे जिला मुख्यालय से 29 किलोमीटर दूर कासगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहनपुरा के पास हुआ।



> घायल रविंद्र ने बताया- हम सभी मां के अस्थि लेकर निकले थे। पिकअप में पूरा परिवार और रिश्तेदार थे। हादसे में मेरी दोनों बहनों प्रेमवती और रीना की मौत हो गई। चचेरा भाई उमेश, चचेरी बहन अंजलि और उसके पति के भाई नेहरू की भी मौत हो गई है।

### एसपी-डीएम ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना

हादसे की सूचना के बाद एसपी ओपी सिंह और डीएम प्रणय सिंह समेत पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिर जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। डॉक्टरों को घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए। गंभीर घायलों को जरूरत के अनुसार उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है।



राजस्थान में हिंडौन थाना क्षेत्र के रैवाई गांव निवासी रविंद्र की मां सुआ (60) का 25 अगस्त को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। परिजन और रिश्तेदारों ने सुआ की अस्थियों को विसर्जित करने के लिए कासगंज के सोरोंजी जाने का फैसला किया। रविवार शाम 5:30 बजे 11 पुरुष, 8 महिलाएं और 7 बच्चों समेत 26 लोग मैक्स पिकअप (RJ-02 GB-4482) से सोरोंजी के लिए रवाना हुए।

# पुलिस पर हमला करने वाले लेखपाल समेत 7 जेल गए

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर में महिला की मौत के बाद प्रयागराज हाईवे जाम कर पुलिस पर हमला करने के मामले में बिल्हौर में तैनात लेखपाल, दो महिलाओं समेत 7 लोगों को चकेरी पुलिस ने अरेस्ट किया है।

पथराव में घायल अहिरवां चौकी इंचार्ज जयवीर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का प्रयास, बलवा, सरकारी कर्मचारी को ड्यूटी से रोकना, सरकारी काम में बाधा, सार्वजनिक रास्ते में बाधा उत्पन्न करने समेत अन्य धाराओं में 23 नामजद व 30 से 40 अज्ञात मुकदमा दर्ज किया गया।

शेखपुर गांव निवासी माला (32) की शादी करीब 8 साल पहले लालूखेड़ा गांव के रहने वाले मुन्ना निषाद से हुई थी। दोनों के 2 बच्चे- बेटा रुद्रा और बेटी वैष्णवी हैं। मायकेवालों के मुताबिक, शनिवार के माला की तबीयत खराब थी। माला के ताऊ का बेटा शनि उसे दवा दिलाने के बाद दोपहर करीब 3 बजे ससुराल छोड़कर आया था।



माला, मृतक

### ■ कानपुर में हाईवे जाम किया, नशे में धुत होकर पथराव करने में 23 पर एफआईआर

शनि ने बताया कि माला को ससुराल छोड़ने के करीब एक घंटे बाद जीजा मुन्ना का फोन आया। उसने बताया कि माला फंदे से लटक गई है। पता चलते ही हम लोग माला की ससुराल लालूपुर गांव पहुंचे। घर के अंदर माला का शव फंदे से लटक रहा था। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था।

**फास्ट न्यूज**

### आगरा में एक फंदे पर लटके मिले प्रेमी-प्रेमिका

आगरा। आगरा के एत्मादपुर थाना क्षेत्र के रहना कला गांव में सोमवार सुबह युवक और युवती के शव फंदे पर लटके मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव युवती के घर में चुन्नी से लटके हुए थे। दोनों ने एक साथ सुसाइड किया। दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कानपुर में 86 साल पुराना मकान नगर निगम ने गिराया

कानपुर। कानपुर में ईदगाह से ब्रह्म नगर की ओर जाने वाले रास्ते पर डॉट नाला धंसने के बाद उसकी जद में आए करीब 352 गज के जर्जर मकान को सोमवार को नगर निगम ने गिरा दिया। नगर निगम की जोन-4 की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और अपनी मौजूदगी में मकान को ध्वस्त कराया। कार्रवाई के दौरान आसपास बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक, मकान काफी पुराना और जर्जर हालत में था। डॉट नाला धंसने के बाद मकान की सुरक्षा को लेकर खतरा और बढ़ गया था।

### दरोगा ने बीच रास्ते युवक की जींस से निकाला तमंचा

आगरा। आगरा पुलिस ने अवैध तमंचा रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया। फिर उसे बीच बाजार ले गई। वहां पब्लिक के सामने फिल्मी स्टाइल दो पुलिसवालों ने युवक को पकड़ लिया। इसके एक दरोगा फिल्मी स्टाइल में आया। उसने युवक की जींस से तमंचा निकाल लिया।

इसके बाद दरोगा ने तमंचा हाथ में लेकर पोज दिया।

# भाभी की बहन को घर में घुसकर गोली मारी, मौत

## भाभी ने पति को थप्पड़ मारा था बदला लेने देवर पहुंचा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर । कानपुर में एक देवर ने घर में घुसकर अपनी भाभी की बहन की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने महिला के सीने और पेट के बीच तमंचा सटाकर गोली मारी और साथियों के साथ फरार हो गया।परिजन घायल महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात शहर के कैंट थाना क्षेत्र की है। दरअसल, रविवार शाम करीब 5 बजे भाभी का अपने पति से मायके में विवाद हो गया था। इस दौरान उसने पति को थप्पड़ मार दिया। करीब 2 घंटे बाद गुस्से में देवर अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा। उसने पूछा- भाई को किसने तमाचा मारा? इसके बाद भाभी और देवर में कहासुनी होने लगी।



चांदनी निषाद
मृतक

भाभी की बहन दोनों को शांत कराने के लिए बीच-बचाव करने लगी। इसी दौरान देवर ने तमंचा निकालकर उसे गोली मार दी। गोली लगते ही महिला जमीन पर गिर गई। आरोपी इसके बाद फरार हो गए। पुलिस ने मृतका की छोटी बहन की तहरीर पर आरोपी देवर, जीजा समेत 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

कैंट के सत्तीचौरा में सुशीला अपने परिवार के साथ रहती हैं। उनके पति ओमप्रकाश को बोलने और सुनने में दिक्कत है। दंपती की 4 बेटियां और एक बेटा है।

# कोचिंग संचालक की जलकर मौत

## भाई-भांजी भी गायब, पड़ोसियों ने समझा हवन का धुआं निकल रहा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

आगरा। आगरा में शनिवार रात एक मकान में आग से जलकर कोचिंग संचालक की मौत हो गई। रविवार सुबह करीब 8 बजे कामवाली ने दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। उसने मकान मालिक को जानकारी दी। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो बुजुर्ग का शव बेड पर पड़ा मिला। कोचिंग संचालक 70 वर्षीय विनय बोस मूल रूप से जगदलपुर, छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। विनय अपने छोटे भाई सुनील बोस के साथ फरवरी 2026 से सेक्टर-10 स्थित कृपाल सिंह के मकान में किराए पर रह रहे थे। दोनों भाई न्यू साईं एजुकेशन ट्यूशन एकेडमी के नाम से इंग्लिश स्पीकिंग समेत अन्य विषयों की कोचिंग चलाते थे।

घटना के समय विनय घर में अकेले थे। पुलिस के मुताबिक उनका छोटा भाई सुनील बोस रक्षाबंधन के कारण आगरा से बाहर गया हुआ था। इसलिए घटना के वक्त घर में विनय के अलावा किसी अन्य व्यक्ति की मौजूदगी की पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनों भाइयों की कॉलोनी में लोगों से ज्यादा बातचीत नहीं थी। पड़ोसियों के मुताबिक, एक महिला सुबह-शाम दोनों भाइयों के घर टिफिन देने आती थी। दोनों उसे अपनी भांजी बताते थे। शनिवार शाम के बाद से वह महिला भी दिखाई नहीं दी। वहीं, छोटे भाई सुनील के बारे में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है। शनिवार रात करीब 10 बजे मकान से धुआं निकलता दिखाई दिया था। हालांकि, आसपास के लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। उन्हें लगा कि घर में पूजा-पाठ के कारण धुआं निकल रहा होगा। विनय और सुनील दोनों भाई सेक्टर 6 में रहने वाले कृपाल सिंह के मकान में किराए पर रहते थे। इसी मकान में कोचिंग चलाते थे। मकान में इंग्लिश स्पीकिंग समेत अन्य विषयों की कक्षाएं संचालित होती थीं। विनय खुद को शिक्षक बताते थे। वहीं सुनील अपने परिचय में पत्रकार बताते थे। हालांकि, पड़ोसियों का कहना है कि दोनों का स्थानीय लोगों से सीमित संपर्क था।



■ सेक्टर-10 में एक मकान के अंदर आग लगने से विनय बोस की जलकर मौत हो गई।





■ सेक्टर-10 में जिस मकान में विनय अपने भाई सुनील के साथ रहते थे, उसी में कोचिंग चलाते थे। मकान के बाहर न्यू साईं एजूकेशन एकेडमी का बोर्ड लगा है।

### पुलिस ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई

एसीपी हरिपर्वत अमीषा के अनुसार, पुलिस की प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। पुलिस घर में मौजूद सामान और बिजली के कनेक्शन समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। फॉरेंसिक जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से भी हत्या के केस में कुछ सामने आ सकता है।

## 100 की स्पीड में डिवाइडर तोड़ा, 6 लेन पार की, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

# एक्सप्रेस-वे पर थार बेकाबू दो भाई समेत चार की मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हापुड़ । यूपी के हापुड़ में गंगा एक्सप्रेस-वे पर 100 किमी की स्पीड में थार बेकाबू डिवाइड से टकरा गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। इनमें दो सगे भाई हैं। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। मरने वाले सभी बदायूं के रहने वाले थे और दिल्ली जा रहे थे।

हादसा जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर सिंभावली थाना क्षेत्र में रविवार रात 11:56 बजे हुआ। इसका CCTV भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि किनारे से जा रही तेज रफ्तार थार अचानक बेकाबू हो गई। डिवाइडर तोड़ते हुए 6 लेन पार कर गई और रेलिंग से जा टकराई। टक्कर के बाद थार करीब 5 फीट पीछे आ गई। हादसा इतना भीषण था कि थार के परखच्चे उड़ गए। छत टूटकर अलग हो गई और बोनट पूरी तरह चकनाचूर हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- कार में बैठे लोग अंदर फंस गए थे। हम लोगों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, डायल-112 पर सूचना मिली थी कि गंगा एक्सप्रेस-वे पर एक थार (DL 8C BL 9822) दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और सभी को सीएचसी सिखेड़ा पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने पालपुर निवासी जोगेंद्र (26), मेवली निवासी दो सगे भाई सुखविंदर (25), जसवंत (20) और पुरदलपुर निवासी रवि (20) को मृत घोषित कर दिया।



■ कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया।



■ हादसे में थार के परखच्चे उड़ गए। उसकी छत टूटकर अलग हो गई।

### रात 9 बजे घर से निकले थे, एक की शादी हो चुकी थी

परिजनों ने बताया- सभी लोग रात 9 बजे घर से निकले थे। जोगेंद्र खेती-किसानी का काम करते थे। थार उन्हीं की थी। वहीं, रवि दिल्ली में नौकरी करता था और बाकी लोग भी दिल्ली में ही प्लास्टिक-पॉलिएस्टर बनाने का काम करते थे। मृतक सुखबीर शादीशुदा थे। बाकियों की शादी नहीं हुई थी।

# रिसॉर्ट मालिक ने लड़कियां बुलाकर कराई रेव पार्टी

## पुलिस ने 5 लड़कियों, 4 व्यापारियों को पकड़ा, सभी बराबर पैसा खर्च करते थे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अलीगढ़ । अलीगढ़ में मालिक ही अपने रिसॉर्ट में लड़कियां बुलवाकर रेव पार्टी करता था। आगरा रोड स्थित श्रीकृष्णा रिसोर्ट में पुलिस ने छापा मारकर 5 लड़कियों और 4 व्यापारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि रिसॉर्ट में गलत काम हो रहे हैं।

इसके बाद पुलिस ने रविवार रात करीब डेढ़ बजे वहां छापा मारा। पुलिस ने रिसॉर्ट के कमरों की तलाशी ली, तो 9 मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामग्री मिली। पुलिस के अनुसार, पांचों लड़कियां आगरा की रहने वाली हैं। मामला मड़राक थाना क्षेत्र का है।

अलीगढ़ के मंडराक इलाके में श्रीकृष्णा रिसोर्ट है। पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि रिसॉर्ट में गलत काम हो रहे हैं। इसके आधार पर पुलिस ने रिसॉर्ट पर छापा मारा। पुलिस ने रिसॉर्ट को चारों तरफ से घेर लिया और एक-एक कमरे की तलाशी ली। मौके पर मौजूद 9 लोगों को हिरासत में ले लिया।



गिरफ्तार व्यापारियों में पिंकू उर्फ विशाल निवासी सराय हकीम, अभिषेक कुमार निवासी कुलदीप विहार, चंदन निवासी सराय हकीम और अमित निवासी मानिक चौक शामिल हैं। पकड़ा गया विशाल ही इस रिसॉर्ट का मालिक है। उसका सराय हकीम इलाके में फर्नीचर का शोरूम है। इसके अलावा अमित शहर के लक्ष्मीबाई मार्ग के एक गेस्ट हाउस का मैनेजर है। जबकि चंदन शहर के एक अन्य कारोबारी के यहां मैनेजर है। वहीं, अभिषेक कुमार इन लोगों का दोस्त है। सीओ इगलास कमलेश कुमार ने बताया- पूछताछ में पता चला है कि यह पार्टी विशाल ने ही आयोजित की थी। उसी ने बाकी लोगों को पार्टी में शामिल होने के लिए बुलाया था। इसके लिए सभी ने बराबर-बराबर पैसा दिया था।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### नेपाल के लिए शुरू ...

यह सभी कुछ आज भी देश के अंदर बड़ी श्रद्धा के साथ हम सब स्मरण करते हैं। एक दूसरे भागों में जाकर इस साझी विरासत का आदर भी करते हैं।

ट्रेनों के संचालन के शुभारंभ के अवसर पर उद्घाटन विशेष गाड़ी चलाई गई। 05064 नेपालगंज रोड-वाराणसी सिटी उद्घाटन विशेष गाड़ी नेपालगंज रोड स्टेशन से 14.45 बजे शुरू हुई। इसके बाद नानपारा से 15.10 बजे, रिसिया से 15.44 बजे, बहराइच से 16.02 बजे, पयागपुर से 16.32 बजे, गोंडा से 17.40 बजे, बलरामपुर से 18.22 बजे, तुलसीपुर से 18.57 बजे, बढ़नी से 20.12 बजे, शोहरतगढ़ से 20.37 बजे, सिद्धार्थ नगर से 20.57 बजे, आनन्द नगर से 21.40 बजे, कैम्पियरगंज से 21.56 बजे, पीपीगंज से 22.22 बजे, नकहा जंगल से 22.55 बजे, गोरखपुर से 23.35 बजे, दूसरे दिन चौरी चौरा से 00.32 बजे, गौरी बाजार से 00.47 बजे, देवरिया सदर से 01.05 बजे, भटनी से 01.35 बजे, सलेमपुर से 01.57 बजे, लार रोड से 02.10 बजे, बेलथरा रोड से 02.25 बजे, मऊ से 03.05 बजे, दुल्लहपुर से 03.30 बजे, जखनियां से 03.42 बजे, सादात से 03.57 बजे, औड़िहार से 04.17 बजे और सारनाथ से 05.02 बजे छूटकर वाराणसी सिटी 05.25 बजे पहुंचेगी। विशेष गाड़ी में जनरेटर सह लगेजयान के 2, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 5, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 2 और शयनयान श्रेणी के 7 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये गए हैं।

### शर्मनाक : दिल्ली में ...

आरोपियों की गिरफ्तारी कब हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पीड़ित उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की रहने वाली है और 11वीं की छात्रा है।

ड्राइवर और कंडक्टर ने छात्रा को बस में बैठा लिया। उन्होंने बताया कि बस नोएडा सेक्टर-63 जा रही है। पुलिस के मुताबिक, बस चलने के कुछ समय बाद कंडक्टर ने छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने की कोशिश की।

छात्रा ने पुलिस को बताया कि ड्राइवर और कंडक्टर ने उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

आरोप है कि दोनों ने देर रात छात्रा को कश्मीरी गेट बस टर्मिनल के पास रिंग रोड पर उतार दिया। इसके बाद दोनों वहां से फरार हो गए। छात्रा ने रात में ही कश्मीरी गेट पुलिस से संपर्क कर घटना की जानकारी दी।

### दिल्ली में 47 लाख...

ड्राफ्ट सूची में नाम नहीं मिलने पर मतदाता 30 सितंबर 2026 तक दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। चुनाव आयोग इन दावों और आपत्तियों की जांच के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी करेगा।

दावों और आपत्तियों का डिस्पोजल प्रोसेस 29 अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद 4 नवंबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी।

चुनाव आयोग ने 14 मई को हरियाणा, झारखंड, उत्तराखंड, दिल्ली और महाराष्ट्र समेत 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (SIR) की घोषणा की थी। यह SIR का तीसरा फेज है।

पूरी प्रक्रिया 30 मई से 23 दिसंबर तक चलेगी। इस दौरान 36.73 करोड़ वोटरों का वेरिफिकेशन हो रहा है। जिन राज्यों में SIR होगा, उनमें पंजाब, उत्तराखंड और मणिपुर में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। अन्य 13 राज्यों में 2028 और 2029 में चुनाव होंगे।

SIR के पहले और दूसरे फेज में 10 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश कवर हो चुके हैं। SIR के बाद बिहार, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और असम विधानसभा चुनाव में भाजपा जीती है। केरल में कांग्रेस गठबंधन और तमिलनाडु में TVK ने जीत हासिल की है। असम में स्पेशल रिवीजन (SR) हुआ। यहां भी भाजपा सरकार की वापसी हुई।

### किर्गिस्तान में पुतिन...

इसके बाद दोनों नेता एक ही गाड़ी में बैठकर 6वें वर्ल्ड नोमैड गेम्स के उद्घाटन में पहुंचे। इससे पहले मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान समेत कई देशों के नेताओं से द्विपक्षीय मुलाकात की। बिश्केक में हो रहे SCO शिखर सम्मेलन में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान और ईरान समेत 10 सदस्य देशों के नेता शामिल हो रहे हैं।

पीएम मोदी ने भारत में अगले महीने होने वाली ब्रिक्स समिट के लिए रूस के राष्ट्रपति पुतिन को न्योता दिया। मोदी ने कहा- ₹भारत कुछ दिनों बाद ब्रिक्स समिट का आयोजन कर रहा है। सभी सभी भारतीय आपका और आपके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हैं।

मोदी बोले- हमने हमेशा यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा की है। पिछली बार जब हम मिले थे, तब भी आपने मुझे स्थिति के सभी पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी थी। हमें कभी न खत्म होने वाले युद्धों से हटकर युद्धों को खत्म करने की ओर बढ़ना चाहिए। भारत शांति की दिशा में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। शांतिपूर्ण तरीकों से सभी मुद्दों का समाधान करना मानवता की पुकार है।

### प्रयागराज एयरफोर्स ...

हादसे के वक्त फैक्ट्री में 7 मजदूर काम कर रहे थे। इनमें से 3 की जान गई है। बाकी 8 मरने वाले आस-पास के घरों के हैं। धमाका कैसे हुआ, पुलिस पता लगा रही है। हालांकि प्रयागराज में स्वरूप रानी अस्पताल पहुंची रानी ने बताया- बिजली का खंभा गिरने के बाद फैक्ट्री में रखे बारूद में तेज धमाका हुआ।

धमाके की आवाज 2 किमी दूर तक सुनाई दी। कुछ ही देर में धुएं का गुबार चारों तरफ छा गया। ग्रामीण झुलसे लोगों को चारपाई पर ले जाते दिखे। विस्फोट की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मकान की तीसरी मंजिल में 8 फीट का छेद हो गया। एक मंजिला अवैध फैक्ट्री 600 वर्गफीट में बनी थी। मालिक का नाम आदिल है।

पुलिस के मुताबिक, फैक्ट्री के बगल में नई बस्ती बस रही थी। आदिल, पिता नौशाद, चाचा शकील और तीन महिलाओं पर केस दर्ज किया है। गिरफ्तारी के लिए 4 टीमें बनी हैं। डीएम अमित पाल शर्मा ने कहा, दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। संपत्ति भी कुर्क की जाएगी।

### विधानसभा चुनाव ...

उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में भी पीडीए से जुड़े लोगों को कथित तौर पर फील्ड पोस्टिंग नहीं मिल रही है। उन्होंने पुलिस हिरासत में होने वाली मौतों और कथित फर्जी मुठभेड़ों को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर प्रदेश में पूर्व में हुई सभी कथित फर्जी मुठभेड़ों की जांच कराई जाएगी।

अखिलेश यादव ने बदायूं में राजेश कोरी नामक युवक की पुलिस हिरासत में मौत का मुद्दा उठाया। उन्होंने पुलिस की ओर से मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि हिरासत में होने वाली मौतों में अक्सर इसी तरह की वजह बताई जाती है।

उन्होंने वाराणसी की एक घटना का भी जिक्र किया, जिसमें उनके मुताबिक आदिवासी मजदूर रामजनम की पिटाई से मौत हुई। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पीडीए वर्ग के लोगों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट का...

चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि प्रशासन से उम्मीद है कि वह कानून-व्यवस्था बनाए रखेगा और सभी पक्षों को जिम्मेदारी से और कानून के मुताबिक काम करना सुनिश्चित करेगा।

यह याचिका रिटायर्ड दिल्ली पुलिस अधिकारी राजेंद्र सिंह ने दाखिल की थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में होने वाले BRICS समिट को देखते हुए बड़े जुलूस और प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने शनिवार को सरकार पर मांगे पूरी न करने का आरोप लगाया। CJP ने X पर लिखा कि सरकार हर बार अधूरे वादे करके बच नहीं सकती।

## यूएस ओपन : मैच में उल्टी हुई, दवा ली, 49वीं रैंकिंग प्लेयर ने 4.36 घंटे में हराया

# 24 ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच पहले राउंड में बाहर

**मुकाबला**

नई दिल्ली, एजेंसी

सर्बिया के नोवाक जोकोविच US ओपन के पहले ही राउंड में हारकर बाहर हो गए। उन्हें अर्जेंटीना के वर्ल्ड नंबर-49 मारियानो नवोने ने पांच सेट के मुकाबले में 7-6, 5-7, 4-6, 6-2, 6-1 से हराया।

इसके साथ ही जोकोविच का रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सपना भी टूट गया। हार के बाद जोकोविच भावुक हो गए और अपने आंसू नहीं रोक सके।

मैच के दौरान उन्हें उल्टी करते देखा गया। उन्होंने इनहेलर का इस्तेमाल किया और दवा भी ली। इसके अलावा, वे बार-बार स्ट्रेचिंग करते नजर आए। साथ ही पीठ और पैर में परेशानी से जूझते दिखे। मारियानो नावोने अर्जेंटीना के एक





पेशेवर टेनिस खिलाड़ी हैं। उनका जन्म 27 फरवरी 2001 को हुआ था। नावोने ने तीन साल की उम्र में टेनिस खेलना शुरू किया। 2024 फ्रेंच ओपन में नावोने को 31वीं वरीयता दी गई थी, उसी से उन्होंने ग्रैंड स्लैम डेब्यू किया। डेनियल मेदवेदेव ने US ओपन के पहले दौर में ह्यूगो

> यह मुकाबला 4 घंटे 36 मिनट तक चला, जो ग्रैंड स्लैम में जोकोविच के करियर का अब तक का सबसे लंबा पहला राउंड मैच रहा। 39 साल के जोकोविच ने शुरुआती तीन सेट में से दो जीते, लेकिन 25 साल के नवोने ने आखिरी दो सेट में शानदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

गैस्टन को 6-4, 6-2, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 2 घंटे 14 मिनट चला। इस जीत के साथ मेदवेदेव ने करियर में आठवीं बार टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। दूसरे दौर में मेदवेदेव का सामना अमेरिकी वाइल्ड कार्ड सेबेस्टियन गोर्जनी और राफेल कोलिग्नन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

### यूएस ओपन में पहली बार पहले राउंड में हारे

जोकोविच के लिए यह US ओपन के इतिहास में पहली बार है, जब वे टूर्नामेंट के पहले ही राउंड में बाहर हुए हैं। इससे पहले वे कभी भी पहले राउंड में नहीं हारे थे।

जोकोविच 2006 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद पहली बार है,जब वे किसी ग्रैंड स्लैम के पहले राउंड में बाहर हुए हैं।

### मैच के दौरान तबीयत बिगड़ी

जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार दो सेट जीतकर बढ़त बना ली थी। हालांकि, मुकाबले के अंतिम चरण में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी।

## जर्मनी चौथी बार हॉकी वर्ल्ड चैंपियन फाइनल में स्पेन को हराया

### पाकिस्तान के सबसे ज्यादा 4 खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी

बेल्जियम, एजेंसी

जर्मनी ने स्पेन को 1-0 से हराकर हॉकी वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। उसने लगातार दूसरी बार वर्ल्ड कप ट्रॉफी अपने नाम की है। जर्मनी टूर्नामेंट के इतिहास में चौथी बार चैंपियन बना है।

बेल्जियम के वॉवर में रविवार को जर्मनी के लिए मैच का एकमात्र गोल मिशेल स्ट्रूथॉफ ने 44वें मिनट में किया। स्पेन ने 24 सर्कल एंट्री की, जबकि जर्मनी की 12 रही। स्पेन ने 9 शॉट और जर्मनी ने 5 शॉट लगाए। पहले हाफ में गोल नहीं हुआ। तीसरे क्वार्टर में स्पेन ने लगातार अटैक किए, लेकिन 44वें मिनट में जर्मनी ने काउंटर अटैक पर बढ़त बना ली। स्ट्रूथॉफ ने गोलकीपर को छकाते हुए गेंद नेट में पहुंचा दी।

इस जीत के साथ जर्मनी के वर्ल्ड कप खिताबों की संख्या 4 हो गई है। पाकिस्तान ने भी 4 बार यह ट्रॉफी जीती है। पाकिस्तान के खिताब 1971, 1978, 1982 और 1994 में



आए थे। जर्मनी ने 2002, 2006, 2023 और 2026 में खिताब जीता।

स्पेन ने फाइनल में जर्मनी से ज्यादा आक्रामक खेल दिखाया। टीम ने तीसरे क्वार्टर में 10 बार जर्मन सर्कल में प्रवेश किया और कई मौके बनाए, लेकिन फिनिशिंग कमजोर रही। जर्मनी ने अपने सीमित मौकों में से एक को गोल में बदलकर मैच जीत लिया।

स्पेन की टीम 1998 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंची थी। हालांकि, उसका पहला वर्ल्ड कप खिताब जीतने का इंतजार जारी रहा। 2021 टोक्यो ओलिंपिक के ब्रॉन्ज मेडल मैच में भारत से हारने के बाद जर्मनी ने शानदार वापसी की।

# बीसीसीआई ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर टीमों से राय मांगी

### 10 फ्रेंचाइजियों के जवाबों से तय होगा, आईपीएल 2027 में नियम बदलेगा या नहीं

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम को लेकर IPL की सभी 10 फ्रेंचाइजियों से राय मांगी है। टीमों को सोमवार, 31 अगस्त तक अपनी राय देने को कहा गया है। कुछ महीने पहले बोर्ड सचिव देवजीत सैकिया ने संकेत दिया था कि IPL 2026 के बाद इस नियम की समीक्षा की जाएगी।



क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रेंचाइजियों से क्रिकेट संचालन से जुड़े कई मुद्दों पर सुझाव मांगे गए हैं। इनमें इम्पैक्ट प्लेयर नियम के अलावा पीएमओए, अंपायरिंग, प्रैक्टिस सेशन और खेलने की शर्तें भी शामिल हैं। हालांकि, इम्पैक्ट प्लेयर नियम सबसे अहम मुद्दा बना हुआ है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम की रोहित शर्मा और विराट कोहली समेत कई प्रमुख भारतीय क्रिकेटर आलोचना कर चुके हैं। उनका मानना है कि इससे गेंदबाजों की भूमिका और टी-20 क्रिकेट में बल्ले-बॉल के संतुलन पर असर पड़ता है।

हालांकि, BCCI सचिव देवजीत सैकिया ने मई में नियम का बचाव किया था। उन्होंने IPL में कम स्कोर वाले मैचों का उदाहरण देते हुए कहा था कि सभी मुकाबले हाई-स्कोरिंग नहीं रहे और गेंदबाजों को भी अच्छी विकेट मिली हैं।

सैकिया ने कहा था, सब कुछ हो रहा है,यह एक पैकेज में पूरा गुलदस्ता है। सैकिया ने हाल ही में कहा था कि अगर फ्रेंचाइजियां इस नियम को लेकर चिंता जताती हैं, तो बोर्ड इस पर दोबारा विचार करने के लिए तैयार रहेगा।

## एशिया कप :दीप्ति ने बिना रन दिए 3 विकेट झटके, विमेंस टी-20 इंटरनेशनल की टॉप विकेटकर बनीं

# भारत ने थाईलैंड को 94 रन से हराया

दुबई, एजेंसी

भारत ने विमेंस टी-20 एशिया कप में जीत से शुरुआत की है। टीम ने रविवार को थाईलैंड को 94 रन से हराया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में थाईलैंड 160 रन चेज करते हुए 16.1 ओवर में 65 रन पर ऑलआउट हो गई। 150वां मैच खेल रहीं दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट झटके और कोई रन नहीं दिया। वे विमेंस टी-20 इंटरनेशनल की टॉप विकेट टेकर भी बन गई। नंदनी शर्मा ने भी 3 विकेट लिए। श्री चरणी ने 2 विकेट लिए।

प्लेयर ऑफ द मैच शेफाली शर्मा ने 36 बॉल पर 64 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। भारतीय टीम का दूसरा मैच 5 सितंबर को पाकिस्तान से इसी मैदान पर होगा। थाईलैंड ने 13 ओवर के बाद 6 विकेट पर 54 रन बना लिए हैं। नन्नापत कोंचारोएन-





> 14.5 ओवर में नंदनी शर्मा ने सुलेपोर्न लाओमी को आउट किया। लाओमी 6 रन बनाकर आउट हुईं। अगली ही गेंद पर नंदनी ने सुनीदा चतुरोंग्रट्टाना को भी पवेलियन भेज दिया। सुनीदा खाता खोले बिना आउट हुईं।

काई 32 और सुलेपोर्न लाओमी 4 रन बनाकर खेल रही हैं। श्री चरणी ने 3 ओवर में 10 रन देकर 2 विकेट लिए हैं। चौथे ओवर की पहली गेंद पर नंदनी शर्मा ने भारत को दूसरा विकेट दिलाया। उन्हें पहला विकेट मिला है। नंदनी की फुलर गेंद पर या आगे निकलकर शॉट खेलने आईं। कवर्स में प्रतिका रावल ने ऊपर उछलकर दोनों हाथों से शानदार कैच लपक लिया। फन्निता माया ने 8 गेंदों पर 6 रन बनाए, जिसमें 1 चौका शामिल रहा। तीसरे ओवर में क्रांति गौड़ की गेंद पर फन्निता माया का कैच पहली स्लिप में दीप्ति शर्मा से छूट गया। भारत को शुरुआती सफलता का मौका मिला, लेकिन दीप्ति कैच पकड़ नहीं सकीं।

### दीप्ति शर्मा का डबल विकेट मेडन ओवर

9वें ओवर में भारतीय कप्तान ने दीप्ति शर्मा को गेंदबाजी पर लगाया। दीप्ति शर्मा ने अपने 150वें मैच की पहली बॉल पर विकेट लिया। उन्होंने अपने पहले ओवर में नाओमी हैमिल्टन और नन्नाफट चाइहान को पवेलियन भेजा। दीप्ति ने इस ओवर में कोई रन नहीं दिया।

### थाईलैंड 65 रन पर ऑलआउट, दीप्ति को तीसरा विकेट

17वें ओवर की पहली बॉल पर दीप्ति शर्मा ने नन्नापट कोंचारोएनकाई को कैप कराया। ऋचा घोष ने आगे की ओर डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ा। कोंचारोएनकाई ने 48 गेंदों पर 41 रन बनाए, जिसमें 5 चौके शामिल रहे।

इसी के साथ थाईलैंड की टीम 65 रन पर ऑलआउट हो गई। इस विकेट के साथ दीप्ति शर्मा महिला टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं।

**मनोरंजन**

## झूम उठे स्टूडेंट्स, तालियों-सीटियों से गूंजा परिसर, पंजाबी सुरों से सजी शाम

# फरीदाबाद के कॉलेज में सिंगर सुनंदा शर्मा ने मचाया धमाल

फरीदाबाद, एजेंसी

फरीदाबाद शहर के एक निजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पंजाबी और बॉलीवुड की मशहूर गायिका सुनंदा शर्मा ने अपनी प्रस्तुति से छात्र-छात्राओं में जोश भर दिया। सुनंदा शर्मा के मंच पर पहुंचते ही कॉलेज परिसर तालियों और सीटियों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में विद्यार्थी और अन्य लोग उन्हें देखने और सुनने के लिए कार्यक्रम में पहुंचे।

गायिका ने अपने लोकप्रिय पंजाबी गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।



कई गीतों पर विद्यार्थी उनके साथ गाते और झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान सुनंदा शर्मा ने एक के बाद एक अपने लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति पर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम स्थल पर मौजूद विद्यार्थियों ने मोबाइल फोन से उनके वीडियो बनाए और प्रस्तुति के यादगार पलों को कैमरे में कैद किया। सुनंदा शर्मा ने भी मंच से विद्यार्थियों के उत्साह का जवाब देते हुए उनसे बातचीत की और संगीत के साथ कार्यक्रम का माहौल खुशनुमा बना दिया।

### सोशल मीडिया से शुरू हुआ संगीत का सफर


सुनंदा शर्मा का संगीत सफर सोशल मीडिया से शुरू हुआ। उन्होंने पंजाबी गीत 'सुच्चा सूरमा' गाकर सोशल मीडिया पर साझा किया था। यह गीत लोगों को काफी पसंद आया और इसके बाद उन्हें पंजाबी संगीत इंडस्ट्री में काम करने के मौके मिलने लगे। इसके बाद 'बिल्ली अख' और 'पटाके' जैसे गीतों ने उन्हें खास पहचान दिलाई।



## प्रेग्नेंसी ग्लो में सेल्फी भी पोस्ट की फैंस ने सुझाया बेबी नेम, एक्ट्रेस ने दिया रिएक्शन

# सामंथा प्रभु ने शेयर की बेबी बंप की तस्वीरें

नई दिल्ली। एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इस वक्त अपने प्रेग्नेंसी ब्रेक पर हैं। वे सोशल मीडिया पर अपने प्रेग्नेंसी सफर की तस्वीरें लगातार शेयर कर रही हैं। हाल ही में सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक नया फोटो डंप शेयर किया है, जिसमें वे अपना बेबी बंप और प्रेग्नेंसी ग्लो दिखाती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट पर एक फैन ने उन्हें बच्चे के नाम का सुझाव दिया, जिस पर एक्ट्रेस ने मजेदार रिएक्शन दिया है। सामंथा ने 1 दिसंबर 2025 को फिल्ममेकर राज निदिमोरु से शादी



की थी और जल्द ही वे अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाली हैं।

सामंथा की नई इंस्टाग्राम पोस्ट में उनकी अलग-अलग तस्वीरें शामिल हैं। इनमें से कुछ तस्वीरों में वे बिना मेकअप के नजर आ रही हैं, तो कुछ में फ्लाइट और घर पर शीशे के सामने सेल्फी लेते हुए बेबी बंप दिखा रही हैं।

पोस्ट के कमेंट सेक्शन में एक फैन ने लिखा, ₹लड़की के लिए समैरा और लड़के के लिए सम्राज कैसा रहेगा? यह सामंथा और राज के नाम का परफेक्ट मिक्स है।₹ इस पर सामंथा ने जवाब देते हुए लिखा, ₹सम्राज... क्या यह कुछ ज्यादा नहीं हो जाएगा? सामंथा ने इससे पहले इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग (AMA) सेशन भी रखा था। इसमें उन्होंने बताया था कि वे अपने प्रेग्नेंसी फेज को काफी एंजॉय कर रही हैं।

एक यूजर के सवाल पर उन्होंने खुलासा किया कि उनका वजन अब तक 11 किलो बढ़ चुका है।

## भव्या ने कहा था- वो पागल इंसान, मारपीट करता है, धर्म परिवर्तन के आरोप लग चुके

# आसिम ने भव्या सिंह को भेजा लीगल नोटिस



नई दिल्ली। बिग बॉस 13 फेम आसिम रियाज ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भव्या सिंह को कानूनी नोटिस (सीज एंड डिजिस्ट) भेजा है। भव्या ने एक पॉडकास्ट के दौरान आसिम पर मारपीट करने और दुबई में किसी महिला के पैसों पर निर्भर रहने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे।

IANS के अनुसार आसिम के वकील ने इन दावों को पूरी तरह झूठा और छवि खराब करने वाला बताया है। नोटिस में भव्या और संबंधित मीडिया प्लेटफॉर्म्स को 72 घंटे के भीतर विवादित कंटेंट हटाने की हिदायत दी गई है।

आसिम रियाज की ओर से लीगल फर्म फाल्कन लीगल के पार्टनर एडवोकेट सुहैल शरीफ ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। कानूनी नोटिस में कहा गया है कि भव्या के बयान आसिम को हिमांशी के खिलाफ शारीरिक हिंसा करने वाले व्यक्ति के रूप में गलत तरीके से पेश करते हैं। हिमांशी का धर्म परिवर्तन कराने के दबाव का आरोपः अभिनेत्री हिमांशी खुराना ने हाल ही में पारस छाबड़ा के पॉडकास्ट में दावा किया कि आसिम रियाज के साथ रिश्ते के दौरान उन पर धर्म बदलने का मानसिक दबाव बनाया गया था। उन्होंने बताया कि उनके पूजा-पाठ करने पर आपत्ति जताई जाती थी और सामने वाले परिवार की तरफ से भी सोच बदलने का दबाव था। हिमांशी के मुताबिक, यह दबाव इतना बढ़ गया था कि वह इस्लाम कबूल करने के बेहद करीब पहुंच गई थीं।

### भव्या सिंह ने लगाए थे गंभीर आरोप

एमटीवी स्प्लिट्सविला 12 फेम भव्या सिंह ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में आसिम रियाज और उनकी एक्स-गर्लफ्रेंड हिमांशी खुराना के ब्रेकअप पर टिप्पणी की थी।

भव्या ने दावा किया था कि उन्हें किसी ने बताया था कि आसिम पागल इंसान हैं और मारपीट करता था। इसके अलावा भव्या ने एक वीडियो होने का दावा भी किया था। पॉडकास्ट में यह भी कहा गया था कि आसिम दुबई में किसी अज्ञात महिला के पैसों पर रह रहे हैं और उस पर आर्थिक रूप से निर्भर हैं।



हिमांशी और आसिम 4 साल से रिलेशनशिप में थे।

- इन बयानों से आसिम की सामाजिक छवि और प्रोफेशनल करियर को भारी नुकसान पहुंचा है। वकील ने साफ किया कि उनके क्लाइंट अपने खिलाफ किसी भी तरह की मानहानि को बर्दाश्त नहीं करेंगे।
- नोटिस के जरिए भव्या सिंह से कहा गया है कि वे आसिम के खिलाफ किसी भी मानहानिकारक बयान को दोहराना तुरंत बंद करें। इसके साथ ही जिन मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने इस पॉडकास्ट या उससे जुड़ी सामग्री को शेयर किया है, उनसे भी उस कंटेंट को 72 घंटे में हटाने के लिए कहा गया है।



## विस्फोट के बाद लगी आग, इंजन बंद पड़ा ■ अमेरिका का एक महीने बाद फिर ईरान पर हमला

# होर्मुज में समुद्री माइंस से टकराया सुपर टैंकर

अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने जॉर्डन में दो अमेरिकी एयरबेस पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागने का दावा किया।

ईरानी मीडिया के मुताबिक, मिसाइलों को अमेरिकी एयरबेस के तकनीकी और मेंटेनेंस इंफ्रास्ट्रक्चर तथा लड़ाकू विमानों की तैनाती वाले क्षेत्रों को निशाना बनाकर दागा गया। वहीं, अल अरबिया के मुताबिक, जॉर्डन की एयर डिफेंस ने ईरानी मिसाइलों को रोक दिया।

**घटना**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



होर्मुज स्ट्रेट में एक सुपर टैंकर दो समुद्री माइंस से टकरा गया। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (IRGC) के मुताबिक, टकराने के बाद टैंकर में भीषण आग लग गई और वह पूरी तरह रुक गया। ईरान ने जहाज का नाम और चालक दल की संख्या नहीं बताई है।

IRGC ने कहा कि टैंकर बिना अनुमति वाले समुद्री रास्ते से गुजर रहा था। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में अपने तय सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने वाले दूसरे जहाजों को भी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

इस बीच अमेरिका ने करीब एक महीने बाद ईरान पर फिर सैन्य कार्रवाई की है। अमेरिकी सेना ने रविवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरान के लारक द्वीप पर दो रॉकेट लॉन्चर्स को निशाना बनाया।

अमेरिका के मुताबिक, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के जवान होर्मुज स्ट्रेट में रॉकेट और समुद्री माइंस लॉन्च करने की तैयारी कर रहे थे। ईरानी मीडिया ने हमले में कई सैनिकों और नागरिकों के मारे जाने की बात कही है। होर्मुज स्ट्रेट फारस की खाड़ी और अरब सागर के बीच का प्रमुख समुद्री रास्ता है। दुनिया के तेल और गैस कारोबार का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। संघर्ष से पहले दुनिया में इस्तेमाल होने वाले करीब पांचवें हिस्से के तेल की आवाजाही इसी रास्ते से होती थी। यही वजह है कि होर्मुज में तनाव बढ़ने या जहाजों की आवाजाही रुकने से कच्चे तेल की सप्लाई और कीमतों पर सीधा असर पड़ सकता है। अमेरिका और ईरान के बीच यहां बढ़ती सैन्य गतिविधि को इसी कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंभीर माना जा रहा है।

### होर्मुज के बीच में है लारक द्वीप

लारक द्वीप ईरान के प्रमुख बंदरगाह बंदर अब्बास के पास है और होर्मुज के ठीक बीच में स्थित है। यह समुद्री रास्ता दुनिया के लिए बेहद अहम है, क्योंकि युद्ध से पहले दुनिया के इस्तेमाल होने वाले करीब 20% तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस की आवाजाही इसी रास्ते से होती थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान फिलहाल इस द्वीप के पास से गुजरने वाले टैंकरों की जांच कर रहा है और जहाजों से स्ट्रेट पार करने के लिए 20 लाख डॉलर यानी करीब 19 करोड़ तक टैक्स वसूल रहा है।



अमेरिकी राष्ट्रपतिट्रम्प होर्मुज स्ट्रेट को 'न्यू यूएस टेरिटरी' यानी नया अमेरिकी इलाका बता चुके हैं। 18 अगस्त को उन्होंने पहली बार होर्मुज पर अमेरिकी नियंत्रण की बात कही थी।

इसके बाद उन्होंने 23 अगस्त को ट्रुथ सोशल पर दोबारा ऐसी तस्वीर शेयर की, जिसमें होर्मुज को अमेरिकी इलाके के तौर पर दिखाया गया।

### अमेरिकी सेना ने हाल ही में हटाई थीं बारूदी सुरंगें

अमेरिकी सेना ने पिछले हफ्ते होर्मुज स्ट्रेट के अंतर-राष्ट्रीय शिपिंग रूट से समुद्री बारूदी सुरंगें हटाने का काम पूरा किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी कहा था कि अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में मौजूद सभी सुरंगों को हटा दिया गया या निष्क्रिय कर दिया गया है।

ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर कोई जहाज या नाव होर्मुज स्ट्रेट में नई समुद्री सुरंगें बिछाने की कोशिश करेगी, तो उसे नष्ट कर दिया जाएगा। अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक, ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी।

**फास्ट न्यूज**

### एससीओ के रंग में भंग डालने बिश्केक पहुंचे सर्जियो गोर

नई दिल्ली। किर्गिजस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की मंगलवार को होने वाली शिखर बैठक की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपित शी चिनफिंग, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन जैसे दिग्गज वहां पहुंच गये हैं या पहुंचने वाले हैं।

### गुलाम जम्मू कश्मीर में प्रदर्शनकारियों पर सरकार का अत्यधिक बल प्रयोग

लाहौर। पाकिस्तान की मानवाधिकार संस्था ने कहा है कि गुलाम जम्मू कश्मीर में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सरकार ने जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग किया और हिंसा व बड़े पैमाने पर धांधली के आरोपों से घिरी चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग के फैक्ट-फाइंडिंग मिशन की शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में गुलाम जम्मू कश्मीर में अशांति का कारण लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक और सामाजिक-आर्थिक शिकायतों, संस्थाओं पर अविश्वास और शासन में कमियों को बताया गया है।

### यूनिफिकेशन चर्च के संस्थापक की पत्नी को अदालत ने सुनाई सजा

सियोल। दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने सोमवार को यूनिफिकेशन चर्च की प्रमुख हक जा हान को भ्रष्टाचार के आरोपों में दो साल की सजा सुनाई। अदालत के पब्लिक अफेयर्स आफिस के अनुसार, सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने चर्च के संस्थापक सन म्योंग मून की पत्नी हान के खिलाफ यह फैसला सुनाया।

## 'तहस-नहस हुआ खार्ग द्वीप', ट्रंप ने एआई वीडियो शेयर कर किया दावा

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दो एआई वीडियो साझा किए हैं। इन वीडियो में ईरान पर अमेरिकी सेना के हालिया हवाई हमलों को दिखाया गया है।

ट्रंप द्वारा साझा किए गए एक फुटेज में दावा किया गया है कि यह ईरान के प्रमुख तेल केंद्र खर्ग द्वीप पर हो रही बमबारी का दृश्य है। गौरतलब है कि ट्रंप युद्ध शुरू होने के बाद से कई बार इस द्वीप पर कब्जा करने या इसे नष्ट करने की चेतावनी दे चुके हैं। AI द्वारा तैयार किए गए इस फुटेज में एक तेल भंडारण टैंक और एक तेल टैंकर में भीषण विस्फोट होते दिख रहे हैं, जबकि ऊपर एक लड़ाकू विमान मंडरा रहा है। इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया कि खर्ग द्वीप के परखच्चे उड़ गए हैं और इसे राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से साझा किया गया बताया गया। ट्रंप की यह सोशल मीडिया पोस्ट अमेरिकी सेना द्वारा होर्मुज में स्थित छोटे से लारक द्वीप पर ईरानी रॉकेट लॉन्चर्स पर किए गए हवाई हमलों के कुछ घंटों बाद आई है। जुलाई के अंत के बाद से ईरान पर यह अमेरिका का पहला हमला था। वाशिंगटन का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य ईरान को होर्मुज में और अधिक समुद्री बारूदी सुरंगें बिछाने से रोकना था। इससे कुछ ही दिन पहले अमेरिका ने घोषणा की थी कि उसने इस रणनीतिक जलमार्ग से विस्फोटक हटाने का काम पूरा कर लिया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक्स पर बताया कि अमेरिकी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य में तात्कालिक खतरा बन रहे ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के माइन-लेइंग बलों के खिलाफ सीमित और सटीक कार्रवाई की है।

# उज्बेकिस्तान में मोदी ने छात्रों से बात की

## स्टूडेंट्स ने पीएम की कविताओं को हिंदी में सुनाया, मोदी बोले- भावनाएं बिल्कुल मेरे दिल जैसी थीं

**ताशकंद, एजेंसी**



■ ताशकंद के महात्मा गांधी सेंटर में छात्रों की कविता सुनते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्बेकिस्तान के दो दिवसीय दौरे में ताशकंद के महात्मा गांधी सेंटर का दौरा किया। यहां उज्बेक छात्रों ने हिंदी में मोदी की लिखी कविताएं सुनाईं। अपनी कविताएं छात्रों से सुनकर मोदी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि हिंदी छात्रों की मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने कविताओं की भावनाओं को बिल्कुल वैसे ही समझकर पेश किया, जैसी भावनाएं उनके दिल में थीं।

मोदी ने उज्बेकिस्तान में भारत, महात्मा गांधी और तमिल संस्कृति में बढ़ती रुचि का भी जिक्र किया। उन्होंने तिरुक्कुरल का उज्बेक भाषा में अनुवाद करने का सुझाव दिया। उज्बेकिस्तान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑली दाराजली डस्टलिक' से सम्मानित किया है। रविवार को उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

यह किसी विदेशी देश की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को मिला 36वां सर्वोच्च सम्मान है।इस सम्मान के साथ पीएम मोदी भारत के उन प्रधानमंत्रियों में शामिल हैं, जिन्हें सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए हैं।

उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव से 'ऑली दाराजली डस्टलिक' सम्मान प्राप्त करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव से 'ऑली दाराजली डस्टलिक' सम्मान प्राप्त करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। PM मोदी ने तमिल साहित्य की प्रसिद्ध रचना 'तिरुक्कुरल' का भी जिक्र किया। उन्होंने संस्थान की 80वीं वर्षगांठ का उल्लेख करते हुए सुझाव दिया कि इसका उज्बेक भाषा में अनुवाद किया जाना चाहिए।

### उज्बेकिस्तान में भारतीय संस्कृति का प्रभाव बढ़ा

कार्यक्रम में भारत और भारतीय संस्कृति का अध्ययन करने वाले एक उज्बेक इंडोलॉजिस्ट ने कहा कि शायद दुनिया में बहुत कम ऐसे देश होंगे, जहां लोगों में भारत को लेकर इतना प्यार है।

उन्होंने बताया कि यहां लगभग हर नागरिक 'नमस्ते' शब्द से परिचित है। भारतीय कला, नृत्य, संगीत, दर्शन और योग में भी लोगों की दिलचस्पी बढ़ रही है।

**मोदी की यात्रा के दौरान भारत और उज्बेकिस्तान के रिश्ते कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप तक पहुंचे। दोनों देशों के बीच 11 समझौतों, एमओयू और सहमतियों का आदान-प्रदान भी हुआ।**



■ उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव से 'ऑली दाराजली डस्टलिक' सम्मान प्राप्त करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## इस्तांबुल में तीनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्री मिलेंगे, सैन्य प्रमुख भी शामिल होंगे

# पाकिस्तान तुर्किये और सऊदी अरब की पहली रक्षा बैठक

**इस्तांबुल, एजेंसी**



पाकिस्तान, तुर्किये और सऊदी अरब के बीच मक्का संयुक्त रक्षा समझौते के तहत पहली बैठक सोमवार को इस्तांबुल में होगी। बैठक में तीनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्री के साथ सैन्य प्रमुख भी शामिल होंगे।

पाकिस्तान की ओर से उपप्रधान-मंत्री मोहम्मद इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ और सेना प्रमुख एवं चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर हिस्सा लेंगे।

पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये ने 7 अगस्त को मक्का में संयुक्त रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के तहत किसी एक देश पर हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस समझौते को तीनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

मक्का समझौते के तहत भविष्य में अन्य देशों के जुड़ने की संभावना है। बांग्लादेश पहले ही इस समझौते में रुचि दिखा चुका है, और रक्षा समझौते में शामिल होने को लेकर किसी बड़े जोखिम से इनकार किया है। विदेश राज्य मंत्री हुमायूं कबीर ने कहा कि इस समझौते में शामिल होने से बांग्लादेश के दूसरे देशों के साथ संबंध प्रभावित नहीं होंगे और वह अपनी विदेश नीति को संतुलित तरीके से आगे बढ़ाएगा। हालांकि, बांग्लादेश को अभी तक इस समझौते में शामिल होने का औपचारिक न्योता नहीं मिला है।



### बैठक का एजेंडा फिलहाल साफ नहीं

मक्का रक्षा समझौते के तहत बनी रणनीतिक राजनीतिक और रक्षा समिति की पहली बैठक का एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन क्षेत्रीय सुरक्षा, ईरान से जुड़े हालात, रक्षा सहयोग और आपसी सुरक्षा रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा क्षेत्र में बढ़ते तनाव और संभावित सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए आपसी तालमेल मजबूत करने पर भी विचार किया जा सकता है।

## अंबानी ने लुटियंस जोन में 350 करोड़ का बंगला खरीदा

### कर्मचारियों के लिए गेस्ट हाउस बनेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



देश के सबसे अमीर बिजनेसमैन मुकेश अंबानी ने दिल्ली के सबसे पॉश और सुरक्षित इलाके 'लुटियंस बंगलो जोन' में 350 करोड़ रुपए का एक बंगला खरीदा है। रिलायंस ने साफ किया है कि यह बंगला अंबानी परिवार का निजी आवास नहीं होगा।

पृथ्वीराज रोड पर स्थित इस आलीशान बंगले का इस्तेमाल रिलायंस अपने दिल्ली आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए कॉर्पोरेट गेस्ट हाउस के तौर पर करेगी। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह डील जुलाई के आखिर में टैक्स के अलावा लगभग 36.7 मिलियन डॉलर यानी करीब 350 करोड़ रुपए में फाइनल हुई थी। रिलायंस के स्पोक्सपर्सन ने बताया कि कंपनी ने दिल्ली में अपने कर्मचारियों के ठहरने के लिए यह बंगला खरीदा है। हालांकि, कंपनी ने अनंत अंबानी के फैमिली ऑफिस की सीधी भूमिका या डील के पैसों पर बयान नहीं दिया है।

पृथ्वीराज रोड पर हुई यह खरीदारी इसलिए भी खास है, क्योंकि लुटियंस में प्राइवेट प्रॉपर्टीज बेहद कम बिकती हैं। दिल्ली रिलायंस के लिए प्रशासनिक और बिजनेस के लिहाज से बेहद अहम केंद्र है, इसलिए कंपनी ने यह निवेश किया है। लुटियंस दिल्ली की स्थापना ब्रिटिश राज के दौरान हुई थी, जब अंग्रेजों ने भारत की राजधानी को कोलकाता से दिल्ली शिफ्ट किया था।

## दुर्घटना : 7 की मौत, 24 लापता, 270 यात्री सवार थे, बोट के ऊपर चढ़कर जान बचाई

# तुर्किये जा रही फेरी बोट समुद्र में पलटी

**अंकारा/निकोसिया, एजेंसी**





मेडिटेरियन सी में तुर्किये जा रही फेरी बोट रविवार को समुद्र में पलट गई। यह फेरी यूरोपीय देश साइप्रस के उत्तरी तट से 270 से ज्यादा यात्रियों के साथ रवाना हुई थी। तुर्किये की मीडिया के मुताबिक, हादसे में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई है।

उत्तरी साइप्रस के प्रधानमंत्री उनाल उस्तेल ने बताया कि अब तक 237 लोगों को बचा लिया गया है। कई यात्रियों ने पलटी बोट के ऊपर चढ़कर अपनी जान बचाने की कोशिश की थी। वहीं, 24 अन्य लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

उन्होंने बताया कि खराब मौसम के बीच फेरी रवाना हुई थी और निकलने के करीब 15 मिनट बाद उसमें पानी भरने लगा। इसके बाद यह हादसा हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, राहत और बचाव दल मौके पर लगातार जुटे हुए हैं।

बाल्टिक सागर में एस्टोनिया फेरी डूबने से 850 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। इसके बाद 1995 में नियम बदले गए। जहाज में पानी भरने के बाद भी उसके स्थिर रहने और न पलटने की क्षमता जांचना जरूरी हुआ। आपातकालीन सूचना और सुरक्षित निकासी के नियम भी मजबूत किए गए।

### साइप्रस तट से करीब 7 किमी दूर हुआ हादसा

तुर्किये मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उत्तरी साइप्रस तट से करीब 7.5 किमी दूर ही यह हादसा हुआ। कैटामरैन शैली की यह फेरी मर्सिन प्रांत के तुर्किये पोर्ट तासुकु जा रही थी। यह उत्तरी साइप्रस के काइरेनिया पोर्ट से रवाना हुई थी। कैटामरैन एक खास तरह की नाव या फेरी होती है। इसकी सबसे बड़ी पहचान यह है कि इसमें नीचे दो समानांतर हिस्से (हुल) होते हैं। यही डिजाइन इसे पानी में ज्यादा स्थिर रखने में मदद करता है।

**बेल्जियम के पास हेराल्ड ऑफ फ्री एंटरप्राइज फेरी पलटने से 193 लोगों की मौत हुई। जहाज का अगला दरवाजा खुला रह गया था, जिससे पानी अंदर भर गया। इसके बाद नियम बदले गए। दरवाजा खुला है या बंद, इसकी जानकारी ब्रिज पर मिलना जरूरी हुआ। साथ ही कैमरा या पानी रिसने की चेतावनी देने वाली व्यवस्था लगाना जरूरी किया गया।**

# फेसबुक-इंस्टाग्राम पर पोर्न एप दिखाकर साइबर ठगी

## हैकर्स डेटा चुराकर बैंक खाते खाली कर रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सोशल मीडिया पर विज्ञापनों के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाने का एक नया पैटर्न सामने आया है। गृह मंत्रालय की साइबर विंग नेशनल साइबरक्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट (NCTAU) ने एक एडवाइजरी जारी की है।

जांच एजेंसी ने पाया है कि जालसाज फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पोर्न एप्स के विज्ञापन चलाकर लोगों के बैंक खाते खाली कर रहे हैं। स्मार्टफोन यूजर्स को निशाना बनाने वाले इस फ्रॉड को लेकर सरकार ने अलर्ट रहने को कहा है।

गृह मंत्रालय की विंग ने कुछ संदिग्ध एप्स के नामों का खुलासा किया है, जो इस समय सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा एक्टिव हैं। सरकार ने मुख्य रूप से इन नामों और इनके जैसे अन्य वैरिएंट्स से बचने की सलाह दी है।

NCTAU की रिपोर्ट के मुताबिक, साइबर अपराधी फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे पॉपुलर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का सहारा ले रहे हैं। यहां वे एडल्ट या पोर्नोग्राफिक कंटेंट का झांसा देने वाले विज्ञापन नईचलाते हैं।

जब यूजर इन विज्ञापनों पर क्लिक करता है, तो उसे एक बाहरी वेबसाइट पर पहुंचा दिया जाता है। इस वेबसाइट पर जाने के बाद यूजर के सामने एक पॉप-अप आता है, जिसमें उसे एक APK फाइल यानी एप डाउनलोड करने के लिए उकसाया जाता है।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96